''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 23 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 23 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 135 लोग लाभान्वित



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने तथा उनके द्वारा पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जिला न्यायलय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम रमेश चंद्र ने बताया कि साक्षी एनजीओ, लुमैक्स चैरिटेबल फाउंडेशन एवं भारतीय कैंसर सोसायटी नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित शिविर में आज करीब 135 लोगों को ब्लड टेस्ट, नाक, कान व गले कि जाँच सहित एक्सरे आदि सुविधाओं का लाभ दिया गया। उन्होंने बताया कि इस पूरे आयोजन में विभिन्न समाजसेवी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## कृष्णपाल गुर्जर ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा तिलपत मंडल में मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद तिलपत मंडल के मंडल अध्यक्ष हरीश बैसला, सराय इंद्रप्रस्थ मंडल अध्यक्ष राजेश चौधरी, बसंतपुर मंडल अध्यक्ष गौरव चौधरी और सेहतपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश झा ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी जी से मुलाकात कर मंडल अध्यक्ष नियुक्त करने पर बुके देकर उनका आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और देवेन्द्र चौधरी ने नवदायित्व के लिए उन्हें आशीर्वाद के साथ मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उपरस्थित सभी मंडल अध्यक्षों ने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें मंडल अध्यक्ष बनाकर मान सम्मान दिया है। मंडल अध्यक्ष के रूप में मंडल के पुराने और नए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी संगठन का विस्तार कर पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे।

## हरियाणा सरकार बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध करवाने, उनके सपनों को पूरा करने तथा उनके अधिकारों व अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत : मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रदेश सरकार ने गत 10 वर्षों में लैंगिक भेदभाव को दूर करने, बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध करवाने, उनके सपनों को पूरा करने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर वर्ष 2015 में आज ही के दिन पानीपत की ऐतिहासिक धरती से शुरू किए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत गत 10 वर्षों में प्रदेश में लिंगानुपात में अभूतपूर्व सुधार करते हुए इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का काम किया गया है। वर्ष 2014 में प्रदेश का लिंगानुपात 861 था जो अब बढ़कर 910 तक पहुंच गया है। राज्य सरकार इस सामाजिक कुरीति को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए लगातार संजीदगी से प्रयास कर रही है ताकि लैंगिक भेदभाव को पूर्ण रूप से दूर किया जा सके।

**मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज यहाँ पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे।**

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि लिंगानुपात में अधिक सुधार करने के लिए प्रदेश सरकार



निरंतर गंभीरता से कार्य कर रही है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी लगन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि हाल ही में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में गांव की महिला सरपंचों को उनके अपने-अपने गांव में एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है ताकि एक परिवर्तनकारी पहल को और मज़बूती देते हुए लिंगानुपात में और अधिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

**अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली को छोड़ अपने घर को बनाया पेरिस**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को लेकर दिल्ली के लोगों में भारी रोष है। श्री केजरीवाल ने हमेशा लोगों से झूठे वायदे किए हैं। वह पिछले 10 सालों में दिल्ली को पेरिस बनाने की बात करते रहे, दिल्ली को तो पेरिस बना नहीं पाए लेकिन अपने स्वयं के घर को उन्होंने पेरिस जरूर बना लिया है।

**केजरीवाल का रोम रोम भ्रष्टाचार में रमा**

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में कैग की 380 करोड़ रूपए की भ्रष्टाचार से सम्बंधित रिपोर्ट को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल का रोम रोम भ्रष्टाचार में रमा हुआ है। उन्होंने गरीब लोगों के सपनों को तोड़ने और उन्हें कुचलने का काम किया है। श्री केजरीवाल ने अपने सपने तो पूरे कर लिए परंतु लोगों को जो सपने दिखाए थे उनको चकनाचूर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को चुनाव रिजल्ट में उन्हें नहीं लगता कि आम आदमी पार्टी की कोई सीट आएगी।

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली विधानसभा की 32 सीटों की जिम्मेवारी हरियाणा के कार्यकर्ताओं को दी गई है। चुनाव में हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की जनता से आह्वान किया है कि ये आम आदमी नहीं है बल्कि आपदा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

**कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों करप्शन के दलदल में फंसे हुए**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं। पहले दोनों पार्टियों के नेता एक दूसरे को गालियां देते थे परंतु आज सत्ता के लालच में एक दूसरे के साथ की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों करप्शन के दलदल में फंसे हैं। उनका एकमात्र हेतु लोगों का कल्याण नहीं बल्कि खुद का कल्याण करना है।

## पांच साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार, थाना ओल्ड फरीदाबाद ने पाई सफलता



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

फरीदाबाद। थाना ओल्ड फरीदाबाद पुलिस ने पांच साल से फरार आरोपी को दमन दीव से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के लिए बता दें कि दिसंबर 2019 में कीर्ति नगर नई दिल्ली निवासी बाबूराम पुत्र रामदुलारे ने जमीनी लेन-देन के मामले में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि प्लॉट देने के नाम पर उससे पैसे तो ले लिए लेकिन उसे प्लॉट नहीं दिया गया, जिस पर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन दूसरा आरोपी फरार चल रहा था। पांच साल से लंबित मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार डीसीपी सेंट्रल के मार्गदर्शन में एसीपी के नेतृत्व में ओल्ड थाना एसएचओ श्रीभगवान की अगुवाई में टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दमन दीव से गिरफ्तार करने में टीम ने सफलता प्राप्त की।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर 51 किलो लडडू बांटे



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** अयोध्या के भव्य राममंदिर में विराजमान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की खुशी पर चेयरमैन(अमीपुर) दिनेश भाटी और समाजसेवी संजय पंडित एनआईटी-3 ने बदरपुर बार्डर पर राहगीरों को 51 किलो लडडू बांटे। इस मौके पर दिनेश भाटी चेयरमैन ने कहा कि आज घर- घर राम, हर द्वार राम से पूरा देश भगवामय है। उन्होनें कहा कि आज ही के दिन अयोध्या के राममंदिर में रामलला टैंट से भव्य मंदिर में विराजमान हुए थे जो सनातन और हिन्दु धर्म के लिए ऐतिहासिक दिन था। दिनेश भाटी चेयरमैन ने कहा कि यह सब मुमकिन हुआ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दढ़ संकल्प से।

## सुंदरकांड के पाठ से दूर हो जाते हैं सभी तरह के भय : अरविन्द कुमार पांडे

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की प्रथम वर्षगांठ पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-37 में भारत विकास परिषद नारायण शाखा फरीदाबाद द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमति सीमा त्रिखा, राज्यमंत्री राजेश नागर के भाई सुधीर नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता मनमोहन गुप्ता, देवेन्द्र अग्रवाल(देबू),



जयकिशन, अजय गुप्ता, डविजय अग्रवाल, जयप्रकाश प्रमोद वर्मा, निखिल गर्ग, पंकज मदान, संजीव, संजय व आकाश गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर भारी संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने पहले जय श्रीराम का जयघोष किया और फिर पंडित श्री अरविन्द कुमार पांडे जी (सुन्दरकांड पाठ वाले) द्वारा सुनाए गए सुन्दरकांड पाठ को सुना। कार्यक्रम का आयोजन रामभक्त देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) द्वारा किया गया। इस मौके पर पंडित अरविन्द कुमार पांडे ने बताया कि हर मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ करने से दूर हो जाते हैं सभी तरह के भय।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने पर गुडडू भाटी के कार्यालय पर भंडारे का आयोजन

### प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने की बधाई : गुडडू भाटी



अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा होने पर में सभी सनातनियों को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं हमें गर्व है कि हम इस तरह के उत्सव के साक्षी बने हैं और कृतज्ञ हैं भगवान श्री राम के जिन्होंने हमें मर्यादा में रहकर अपने जीवन को जीना सिखाया। इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम से ही सनातन धर्म को मजबूती मिलती है।



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समाजसेवी गुडडू भाटी के कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को हुई थी अब एक वर्ष पूरा होने पर देश भर में उत्सव मनाया गया इसी के तहत फरीदाबाद में भी में जगह-जगह सुंदर कांड के पाठ तो कहीं हनुमान चालिसा एवं रामायण के पाठ का आयोजन किया गया। शहर में जगह-जगह भंडारे के आयोजन भी किए गए। समाजसेवी गुडडू भाटी द्वारा आयोजित इस भंडारे में शासन और प्रशासन के अधिकारियों ने भी शिरकत की इस मौके पर समाजसेवी गुडडू भाटी ने बताया कि वह अयोध्या में मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक वर्ष पूर्ण होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और इस पल को एक उत्सव की तरह मनाने की तैयारियां कर रह थे, और आखिर वह दिन आ ही गया। उन्होंने बताया कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी जिनके अथक प्रयासों से हम अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। जानकारी के लिए बता दें कि गुडडू भाटी समय-समय पर इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। उनका कहना है कि अगले साल इससे बड़ा आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गुडडू भाटी के साथ चंचल खटाना, वेद प्रकाश, कुलदीप भाटी, प्रवीण पंडित जी, सतीश त्रिपाठी, पीनू मनचंदा, दिनेश, रन्नु लोहिया, अजय लोहिया, बीके पांडेय, अनिल प्रधान, धर्मेंद्र भडाना, जयवीर नागर, सुनील नागर, राहुल पांडेय, सन्नी वाधवा, धम्मू, आदि उपस्थित रहे।

### राम से ही समाज को प्रेरणा मिलती है : अज्जी टोंगर



इस कार्यक्रम में शामिल समाजसेवी अज्जी टोंगर ने बताया कि सनातन धर्म हमारी पहचान है और श्री राम हमारे आदर्श हैं। बिना राम के जीवन सार्थक नहीं है राम से ही समाज को प्रेरणा मिलती है। हम अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं जो हम भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने आज इसी के उपलक्ष्य में हम इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन कर पा रहे हैं।

### जितने कार्य भाजपा राज में हुए हें उतने किसी सरकार में नहीं हुए : मनोज नासवा



इस अवसर पर कार्यक्रम में शिरकत करने आए निवर्तमान पार्षद मनोज नासवा ने बताया कि सनातन धर्म के लिए जितने कार्य भाजपा राज में हुए हें उतने किसी सरकार में पहले नहीं हुए। मनोज नासवा ने बताया कि हम प्रधानमंत्री मोदी और योगी आदित्यनाथ के बहुत आभारी हैं जिन्होंने सनातन धर्म के लिए अनेक कार्य किए हैं।

### 500 वर्ष संघर्ष के बाद यह सौभाग्य प्राप्त हुआ : वेद नागर



समाजसेवी वेद नागर ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अब हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि हम अपने आराध्य भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पहला वर्ष पूरा होने पर भव्य उत्सव मना रहे हैं और आगे भी इसी तरह से मनाते रहेंगे। भगवान राम से बड़ा प्रेरणास्रोत भला सनातन धर्म के लिए कौन होगा। जय श्री राम।

## समाधान शिविर: नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक अभिनव पहल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में गुरुग्राम जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में मंगलवार को सीटीएम कुँवर आदित्य विक्रम ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सीटीएम कुँवर आदित्य विक्रम ने बताया कि समाधान शिविर में आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के निवारण की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी भी की जा रही है। सीटीएम ने समाधान शिविर में आई 24 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निदान किया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड आदि से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की जा रही है।

### सोहना, पटौदी, बादशाहपुर व मानेसर उपमंडल सहित नगर निगम में भी आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# सीएम योगी ने सभी मंत्रियों के साथ किया स्नान

## अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया, सीएम ने जमीन पर बैठकर खाना खाया







प्रयागराज। सीएम योगी अपने 54 मंत्रियों के साथ बुधवार दोपहर संगम पहुंचे। यहां मंत्रोच्चार के बीच एक साथ संगम में सभी ने डुबकी लगाई। फिर सूर्य को जल अर्पित किए। सभी ने ध्यान लगाकर स्तुति की। संगम स्नान का सभी ने लुत्फ उठाया। स्नान करने के बाद सीएम ने बोट पर बैठकर संगम दौरा किया। इस दौरान सीएम ने अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद सभी मंत्रियों के साथ योगी ने जमीन पर बैठकर भोजन किया। अभिनेत्री भाग्यश्री ने महाकुंभ 2025 पर कहा, हम बहुत उत्साहित हैं, पूरे परिवार के साथ आए हैं। हम देखना चाहेंगे कि महाकुंभ में क्या तैयारियां की गई हैं। प्रशासन ने इतनी सुविधाएं की हैं, वह देखेंगे और गंगा स्नान करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उनकी पत्नी सविता कोविंद, ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम के आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और हवन किया। सपा विधायक पूजा पाल ने कहा, यह प्रयागराज के लिए गर्व का दिन है कि आज हम कुंभ मना रहे हैं और दुनिया भर से लोग पवित्र स्नान करने के लिए यहां आ रहे हैं। मैं सीएम योगी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उनके विचार और सोच बहुत सुंदर हैं और इसे पूरा देश और दुनिया देख सकती है। मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं... जब से महाराज जी उत्तर प्रदेश के सीएम बने हैं। उन्होंने कुंभ को भव्य और भव्य बनाया है। इससे उन्होंने प्रयागराज को और भी अधिक विकसित बनाया, इससे प्रयागराज के लोग खुश हैं। यह...पहले जब कुंभ आयोजित होता था तो माफिया और उनके लोगों द्वारा हस्तक्षेप किया जाता था। वे लोगों से 'गुंडा टैक्स' की मांग करते थे, इसलिए, मैं कहना चाहूंगी कि यदि 'गुंडा मुक्त' कुंभ मनाया जा रहा है, इसमें महाराज जी की बहुत बड़ी भूमिका है। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या में होने वाला अमृत स्नान प्रयागराज महाकुंभ में श्रृद्धालुओं के सैलाब को लेकर नया कीर्तिमान दर्ज करने जा रहा है। प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में सात से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरी बताते हैं कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान और रूस से 5000 से अधिक विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। पायलट बाबा के ये सभी भक्त 24 जनवरी से आना शुरू हो जाएंगे। मुक्ति और पुण्य अर्जित करने की आस लेकर आ रहे ये भक्त त्रिवेणी में अमृत स्नान करेंगे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यहां आज कैबिनेट की बैठक हुई है जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं... आज पवित्र संगम में स्नान करके मैं गंगा और यमुना को प्रणाम करता हूं... अखिलेश यादव जी को मानसिक और दृष्टि दोष हो गया है। उसका अच्छे से इलाज कराएं। कुंभ के समय ऐसे बयान देना, यहां राजनीति करना बहुत गंदी बात है। मैं प्रार्थना करूंगा कि भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा.। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे।

## बार और बेंच के सामंजस्य से मिलेगा न्याय: जिला जज



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कसया कुशीनगर के नव निर्वाचित पदाधिकारियो को मुख्य अतिथि जिला जज सुशील कुमार शशि ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि और अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चियों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिला जज श्री शशि ने कहा कि बार और बेंच के सहयोग से वादकारियों को न्याय मिलेगा। मुझ पर भरोशा रखें। यहां की सभी समस्याएं होंगी। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि न्यायपालिका व विधायिका के संयुक्त पहल से ही आमजन को न्याय मिलेगा। भदन्त ज्ञानेश्वर ने धम्म पाठ किया और एक हाल बनवाने की घोषणा की। पूर्व अध्यक्ष व सदस्य बार काउंसिल मधुसूदन त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी ने अधिवक्ता और वादकारियों के हितों की चर्चा की। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता हितों की रक्षा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि सीजेएम कविता सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन मयंक प्रकाश, न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया संजय कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन, अवकाश प्राप्त जिला जज संतोष श्रीवास्तव, पूर्व जिला जज उपेन्द्र भूषण मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किये। बार अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री अश्वनी कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, उपाध्यक्ष केशव मद्धेशिया सहित सदस्य को शपथ दिलाई गई। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बुके, स्मृति चिन्ह देकर बार अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री अश्वनी कुमार शुक्ला, एल्डर कमेटी चेयरमैन असलम लारी, बद्री नरायण दुबे, पंचनन्द मिश्रा,अवधेश पाण्डेय, रघुनाथ यादव, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, ओंकार नाथ पांडेय, रमेश वर्मा, तनवीर हाशमी, आनन्द राय आदि ने किया। आय व्यय का लेखा जोखा पूर्व महामन्त्री हज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद पाठक व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, संजय कुमार सिंह बघेल, जय श्री सिंह, दिव्य प्रकाश मणि, अरविंद कुमार दुबे, जलज सिंह, सोहराब अली, अभय कुमार पांडेय, जितेंद्र पटेल, उदयभान यादव, गिरीश चन्द्र राय, नर्वदेश्वर मिश्र, संदीप कुमार राय, रामदेनी सिंह, उदयभान यादव, शकुन पटेल आदि मौजूद रहे।

# सीतापुर से गन्ना की उन्नत खेती का गुर सीख लौटे ढाढ़ा चीनी मिल क्षेत्र के किसान

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** न्यू इंडिया शुगर मिल ढाढ़ा हाटा कुशीनगर द्वारा सीतापुर हरगांव चीनी मिल क्षेत्र भ्रमण के लिए मिल गेट क्षेत्र के गौरी बाजार , हेतिमपुर, हाटा, कसया से भेजे गये 50 प्रगतिशील गन्ना कृषकों गन्ने की खेती का उन्नत गुर सीखे कर लौटे। लौटे किसानों ने ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक करन सिंह को बताया कि वहां अधिकतर किसान अपना खेत 4 फीट पर बोए हैं, छोटे ट्रैक्टर से जुताई , गुड़ाई कर रहे हैं। किसान अपने गन्ने की बधाई किए हैं, जबकि यहां पर ऐसा नहीं है। हरगांव में प्रगतिशील किसान सरदार जी ने बताया कि जिस दिन हमारा गन्ना बोया जाएग। उस दिन सब कार्य छोड़कर अपने खेत पर रहता



हूं , देखता रहता हूं कि मजदूर कोई गलती ना करें। वहां पर बलुई दोमट तथा हल्की मिट्टी है। चीनी मिल के फार्म अवलोकन में सबसे अच्छा गन्ना लंबा, मोटा , वजनी को. 0118 ,15023 व 12 से 13 फुट का देखा गया। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता से कसया क्षेत्र के सिरसिया पूरब के किसान दीनानाथ वर्मा , ग्राम खेदनी के किसान खदेरू सिंह, हाटा लेहनी के अंशदेव सिंह, गौरी बाजार क्षेत्र के इन्द्रपुर के मंगेश सिंह बेलकुण्डा के अमरनाथ मल , खैराबनुआ के विजय कुमार से हरगांव यात्रा से गन्ने की वैज्ञानिक खेती पर चर्चा की।नअधिशासी निदेशक करन सिंह ने पूर्व सहायक निदेशक गन्ना संस्थान श्री गुप्ता को सुझाव दिया कि गांव गांव में वसंतकालीन गन्ना विकास गोष्ठी का आयोजन करें तथा हरगांव चीनी मिल से लौटे किसानों से उस गोष्ठी में वहां पर क्या देखा किसानों को बताएं तथा वह किसान अपने खेत पर करके दिखाएं तभी खेती में बदलाव होगा। इस क्रम में पूर्व सहायक निदेशक ने ग्राम बखरा चीनी मिल गन्ना विकास कार्यालय पर तथा ग्राम मुण्डेरा खागी में गोष्ठी आयोजित कर विशेष प्रशिक्षण अभियान प्रारंभ कर दिया है। अवधेश गुप्ता प्रधान प्रबंधक गन्ना, डीडी सिंह ने आपस में विचार विमर्श कर हाटा, गौरी बाजार, कसया , बैतालपुर, पडरौना, कठकुइयां आदि क्षेत्र के लिए स्थान का चयन कर लिए हैं। गोष्टी का उद्देश्य गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना तथा मिल क्षेत्र के सभी किसानों को गन्ना का यंत्र, गन्ना कटाई, छिलाई, लादने, गुड़ाई का गन्ना कृषि यंत्र दिखाना व बताना है।

# जेटी बाबू द्वारा बुद्ध के उपदेशों को लोक भाषा शैली में पिरोना अद्वितीय: राकेश कुमार जायसवाल

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** बुध्द चरित मानस के रचयिता पं0 स्व. गोपीकृष्ण चतुर्वेदी (जेटी बाबू ) की 107 वीं जयंती बुधवार को बुध्द नगरी विशुनपुरा स्थित नेशनल हाइवे जेटी बाबू तिराहा पर मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया गया। मुख्य अतिथि नपाप कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि स्व0 चतुर्वेदी बुध्द चरित मानस की



रचना कर अमर हो गए। उन्होंने बुध्द के करुणा, दया, शांति के उपदेशों को लोक भाषा शैली में पिरोया। यह अद्वितीय है। पूर्व प्राचार्य डा0 सुधाकर त्रिपाठी, बुद्ध इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी ने जेटी बाबू के जीवनी पर प्रकाश डाला। आभार जेटी बाबू के पुत्र वेद कृष्ण चतुर्वेदी, श्याम कृष्ण चतुर्वेदी व संचालन एडवोकेट कृष्ण कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान विजय प्रकाश, अमरचंद जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार राजेन्द्र शर्मा, वृषभान उपाध्याय, प्रधानाचार्य सीबी सिंह, देवेंद्र राय, नवनाथ दूबे, कृपांशकर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ भारत माता पूजन

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर। परंपरागत एवं लुप्तप्राय कलाओं के संवर्धन में अग्रणी अखिल भारतीय संस्था संस्कार-संगम कुशीनगर के तत्वावधान में नेता जी सुबाष चन्द्र बोष की जयंती की पूर्व से संध्या पर भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को नगर स्थित डॉ०अम्बरीष विश्वकर्मा के चित्रतूली-भवन में आयोजित कार्यक्रम का आरम्भ विधिवत भारत माता के चित्र का पूजन, दीप प्रज्वलन एवं ध्येय गीत एकात्मता मंत्र- यं वैदिका मंत्रद्दशः पुराणा.....के गायन से हुआ। संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। दिनेश तिवारी ₹ भोजपुरिया ₹ ने बताया कि यह कार्यक्रम नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित है। भारत माता देश में सर्वोपरि हैं, सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया ₹जय हिन्द₹ का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। डा० अम्बरीष विश्वकर्मा ने कहा कि सही शब्दों में कहा जाए तो सुभाष चंद्र बोस के द्वारा किया गया कार्य सर्वोपरि है। सही मायने में सुभाष चंद्र बोस भारत माता के सच्चे सपूत हैं। कार्यक्रम के मुख्य**



**वक्ता सुरेश प्रसाद गुप्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत धर्म भूमि, कर्म भूमि, पुण्य भूमि और महामंगलमयी है। भारत माता सबकी माता है। दुनिया का केवल एक देश भारत है जिसे भारत माता कहते हैं। ₹भारत माता की जय ₹यह केवल उद्घोष नहीं है, यह हर भारतीय की आशा-आकांक्षा-अभिलाषा व संकल्प है। हमने 'यह कंकर-पत्थर रेत नहीं, यह तो माता है माता है' गीत गाकर माता के रूप में आराधना की है। हमारे ऋषियों ने ऋग्वेद में 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्या' कहकर पृथ्वी को आराध्य माना है। भगवान राम ने 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसि 'कहकर इसकी महिमा गायी थी। भारत मां फिर से अखण्ड हो, भारत विश्व गुरू बने ऐसा आज संकल्प लेते हैं। सुप्रसिद्ध कवयित्री वंदना मद्धेशिया ने एकता और अखंडता कविता में भारत माता की स्तुति करते हुए यह संदेश दिया कि हमें एकजुट रहकर देश की रक्षा और विकास के लिए काम करना चाहिए। किरण जायसवाल ने- भारत माता की प्रतिमा इतनी सुन्दर ...गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। सुनंदा शर्मा ने ए मेरे वतन के लोगों ...व निधि शर्मा ने- कर चले हम फिदा जान वतन साथियों ...और दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने देश भक्ति गीत गाकर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की।**

**डॉ०अम्बरीष विश्वकर्मा ने- है प्रीत जहां की रीत सदा...गाकर देशभक्ति में सराबोर कर दिया। मंत्री पवन गुप्ता ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।संचालन शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश मद्धेशिया, धीरज जायसवाल, सुभाष चंद्र गुप्ता ,कृष्ण मुरारी धर द्विवेदी ,धनंजय राव, नारायण जायसवाल, विवेक विश्वकर्मा उपस्थित रहे।**

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की मौदहा पुलिस ने लूट के फरार अभियुक्त को लूट के रुपयों के साथ किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मौदहा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु०अ०सं० 471/2024 धारा 309(4)/61(2)/317(3) बीएनएस के मामले में फरार चल रहे 19 वर्षीय अभियुक्त चकला उर्फ सैफ अली पुत्र इदरीश निवासी मुहल्ला गढी थाना सुमेरपुर को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली।



मौदहा पुलिस ने बताया कि 11 नवंम्बर.24 को बैंक मित्र रमेश चन्द्र पुत्र शिवरतन निषाद निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर अपने मित्र के साथ इंडियन बैंक मौदहा से 1,80,000/- रुपए निकाल कर अपने गांव छिमौली जा रहे थे कि बड़ेरी नाला के पास मोटरसाइकिल पर सवार 03 अज्ञात व्यक्ति आंख में मिर्च पाउडर डालकर उनका रुपये से भरा बैग छीनकर मौके से फरार हो गये थे । वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मौदहा पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 471/2024 धारा 309(4) इठर बनाम मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा पुलिस टीम का गठन कर घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे । थाना मौदहा पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से अभियुक्तगण 1.अभियुक्त विपिन पाल पुत्र जगभान पाल निवासी बाकी रोड कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर 2.रोशन निषाद पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 3.ज्ञान सिंह पुत्र सर्वन निषाद निवासी चुंगी चौकी क्यौंटरा कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को दिनांक 14.11.2024 को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जांच में प्रकाश में आये फरार चल रहे अभियुक्त चकला उर्फ सैफ अली पुत्र इदरीश निवासी मुहल्ला गढी वार्ड नंबर 3 कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को थाना मौदहा पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर बी0एस0एन0एल0 टावर के पास कस्बा मौदहा से लूट के 10,400/ रुपयें के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लूट का 10,400 रुपयें बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से क्राइम इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर गौतम, कांस्टेबिल आसिफ शेख सहित कांस्टेबल सुधाकर शामिल रहे।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आई 91 शिकायतों में ज्यादातर का किया मौके पर डिस्पोजल






**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आई हुई शिकायतों को सुनकर उनके वख्त पर बेहतर डिस्पोजल के दिये निर्देश। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को ठंड से बचाव के मद्देनजर कंबल बांटे। जनसुनवाई में करीब 91 शिकायते आई, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी ने बिना देर किये मौके पर डिस्पोजल कर दिया, जबकि बाकी शिकायतों के डिस्पोजल के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों के साथ वर्चुअल, जूम एप के जरिये से बैठक कर उनके फौरन डिस्पोजल के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ सहित अधिकारी नियमित तौर से अपने आफिस में जनसुनवाई कर लोगों की शिकायतों का बेहतर तरीके से फौरन निस्तारण किया जाए, साथ ही कहा कि डिस्पोजल में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित दूसरे जरिये से आने वाले मामलों का अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से डिस्पोजल कर वख्त से उसकी रिपोर्ट दी जाए।

### दबंगों ने महिलाओं को पीटा

**लखनऊ ।** पारा इलाके में जमीन कब्जा करने का विरोध कर रही महिलाओं को दबंगों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। किसी तरह महिलाओं ने भागकर जान बचाई। दबंगों ने महिलाओं पर पत्थर भी फेंके। चोट लगने से



एक युवती सड़क पर ही गिर गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करके एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पारा के गोविंद नगर गायत्री विहान पारा में रहने वाली प्रतिमा श्रीवास्तव व मोहल्ले की अन्य महिलाओं ने पारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिलाओं का कहना है कि कॉलोनी में 20 फुट रोड पास है। जिसका निर्माण कार्य चल रहा था। तभी इलाके के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर सतेंद्र राय अपने भाइयों व अन्य 20-25 लोगों के साथ पहुंचा। रोड के बीच में गेट लगवाने लगा। विरोध करने पर महिलाओं व बच्चों की पिटाई कर दी। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले वालों का आरोप है कि 8 दिसंबर को भी आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत पारा थाने पर की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में इंस्पेक्टर पारा का कहना है कि रास्ते का विवाद है। हमला करने वालों का कहना है कि जमीन उनकी है, जबकि मोहल्ले के लोगों का कहना है कि ये आम रास्ता है। फिलहाल वीडियो के आधार पर 5 नामजद सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अर्जुन नाम के व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

# फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल सहित नगर निगम में भी आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में बुधवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम शिखा ने समाधान शिविर में आई शिकायतों में से का अधिकांश का मौके पर ही निदान किया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। एसडीएम ने बताया कि शिकायतों के समाधान के लिए लग रहे समाधान शिविर में आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी भी की जा रही है।




# नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी जनता की शिकायतें

## प्रशासन का प्रयास, सरकारी योजनाओं से नागरिक हों लाभान्वित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने समाधान शिविर में 14 शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को इन मामलों में उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इनमें अधिकांश शिकायतें अवैध कब्जा, परिवार पहचान-पत्र में आमदनी को दुरूस्त करवाना, पंचायत विभाग, नगर निगम से संबंधित थी।

लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में नगराधीश के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में दो शिकायतें ऐसी आईं, जिनमें हरियाणा सरकार की ओर से करीब तीस-चालीस साल पहले अनुसूचित वर्ग को प्लाट आवंटित किए गए थे। लेकिन बाद में इस आवंटन को तय नियमों के अनुसार रद्द कर दिया गया था। अब लाभार्थी दोबारा से भूखंड पर कब्जा दिलाये जाने की मांग कर रहे हैं। इनमें एक शिकायत गांव धनकोट से और दूसरी गांव वजीराबाद से आई थी। कुछ ऐसी शिकायतें भी प्रशासन को मिल रही है, जिनका मामला कोर्ट में विचाराधीन है और नागरिक इनका त्वरित समाधान करवाने के उद्देश्य से शिविर में लेकर आ रहे हैं। नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने स्पष्ट किया कि किसी भी कोर्ट में विचाराधीन मामले को समाधान शिविर में ना लाया जाए, उनका फैसला कोर्ट से ही होगा।

उन्होंने कहा कि पीपीपी से संबंधित शिकायतों की तत्काल छानबीन करवा कर उनमें सही डाटा अपडेट किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से पूरा प्रयास किया जा रहा है कि हरियाणा व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक संख्या में योग्य पात्रों को लाभ दिलाया जाए। कोई नागरिक वर्तमान में चल रही योजनाओं से वंचित है तो वह अपनी शिकायत शिविर में आकर दे सकता है, उस पर फौरन कार्रवाई की जाएगी।



# जीवन को सुंदर बनाना है तो श्रीराम कथा का श्रवण करें





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने बताया कि आज 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुए एक वर्ष का समय पूरा हो चुका है और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के पद चिन्हों पर चलते हुए अगर जीवन को सुंदर बनाना है तो श्री राम कथा श्रवण करें कथा में बताया और उसके पश्चात नंदोत्सव हुआ नन्द के लाला की जय भक्तों ने बड़े आनंद के साथ नृत्य करते हुए आनंद लिया। इस अवसर पर गर्ग मेंहदी वाले, शर्मा हार्डवेयर, अनुज कौशिक शर्मा मेडिकल स्टोर, राजवीर चौहान उर्फ राजू उपर्सथित रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन ऐतिहासिक है : सीमा त्रिखा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) द्वारा वार्ड 22 और 23 में विशाल रथयात्रा व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमति सीमा त्रिखा व निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने हनुमान मंदिर में श्रीराम जी की आरती उतारी। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमति सीमा त्रिखा ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन ऐतिहासिक है और हर भारतवासी इस दिन को बड़े उत्सव के साथ मना रहा है। हम सभी को भगवान श्रीराम द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात सीमा त्रिखा और जितेन्द्र भड़ाना ने अपने कार्यालय पर वर्षगांठ के पावन दिन हजारो बेसहारा महिलाओं को राशन बांटा।

# राम मंदिर स्थापना दिवस पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** राम मंदिर स्थापना दिवस पर आज यहां श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति जी, ए ब्लॉक द्वारा भगवान श्री राम जी की भव्य झांकी निकाली गई। श्री राम जी की झांकी में सेवा समिति के चौधरी इंद्रपाल, छविनाथ जी, राजेश शुक्ला, आर आर पाण्डेय, अशोक गुप्ता, देवेंद्र मालिक, शैलेन्द्र पांडे, राज तंवर,संतोष शर्मा, नरेंद्र कुमार, घनश्याम शर्मा, अभिषेक आदि की अगवाई में सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लिया। प्रात: 9 बजे बैंड बाजे के साथ रथ पर राम लला और हनुमान जी की झांकी श्री दुर्गा मंदिर से भव्य शोभा यात्रा के रूप में प्रारंभ होकर दयालबाग रेलवे लाइन साइड होते हुए जी ब्लॉक, बी ब्लॉक, ए ब्लॉक एवं टोल टैक्स चुंगी से निकल कर पुनः दुर्गा मंदिर पर पहुंची जहा भंडारे का आयोजन किया गया।

# सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाई भगवान श्री रामलला की प्रथम वर्षगांठ : डॉ राजेश भाटिया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 में भगवान श्री रामलल्ला की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस शुभावसर व शादी 11वीं वर्षगांठ पर अमित नरुला एवं अर्चना नरुला द्वारा हवन यज्ञ किया गया, जिसमें सभी ने आहुति डाली।

इस मौके पर मंदिर के प्रधान डॉ राजेश भाटिया ने कहा कि, आज का दिन हर भारतवासी के लिए खास है क्योंकि आज से एक साल पहले अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी और इस दिन को दीपावली के रुप में मनाया गया।

उन्होंने कहा कि आज पूरा एक वर्ष पूर्ण होने पर हम फिर से इस दिन को पूरी श्रद्धा के साथ मना रहे है क्योंकि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने सदैव धर्म पर चलने का मार्ग चुना और धर्म पर चलकर ही उन्होंने अधर्मी रावण का नाश किया। इस दौरान ढोल नगाडों की थाप पर लोगो ने नृत्य किया और भजन गए और जय श्रीराम-जय श्रीराम के गगनचुंबी नारे लगाए। मंदिर द्वारा संचालित पवन पुत्र सेवा दल के ध्रुव शर्मा ने भी हवन में अपना योगदान दिया और कहा कि अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हर वर्ष इस दिन दूसरी दिवाली मनाई जानी चाहिए और इसे अति हर्ष और उल्लास के साथ बनाया जाना चाहिए।

इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर के चैयरमेन बंसीलाल कुकरेजा, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, भरत कपूर, आशीष अरोड़ा, अमर बजाज डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, रजनी बजाज, रेखा जोहरा, प्रवेश भाटिया, अनु भटिया, व पवन पुत्र सेवादल से आर्यन खत्री, निखिल ढींगरा, भव्य मलिक, लिवांश खत्री, ईशान अरोड़ा, प्रणव ग्रोवर, अवनीश शर्मा, साहिल भाटिया, आनंद यादव, हर्षिल खत्री, कार्तिक कपूर, जय खत्री, साहिल भाटिया, माधव आहूजा, मनीष कपूर, ओम भाटिया, चंदन बहल, राहुल यादव, भावेश चुग, पून्ज अदलखा, मानव रहेजा, वंश खट्टर, सुजल मनोचा, भाविक गुलाटी, गौरव गुलाटी, परिन अरोड़ा, संदीप यादव, हार्दिक अरोड़ा,राज ऋषभ, करण आहूजा, मुकुल कपूर व अनमोल गुलाटी शामिल रहे।



# राम लला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर जरूरतमंद लोगों को वितरण किये कंबल



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट रजि० बल्लबगढ़ द्वारा राम लला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में जरूरतमंद लोगों को ट्रस्ट के द्वारा करीब 125 कंबल वितरित किए गए ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम सुंदर गोयल जी ने बताया की राम लला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की खुशी में ट्रस्ट द्वारा जगह जगह पर जाकर जरूरतमंद लोगों को ये कंबल वितरित किए गए हैं उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर समाज सेवा के ऐसे कार्य द्वारा किए जाते रहते हैं। कंबल वितरण में ट्रस्ट के संयोजक प्रदीप गुप्ता प्रधान बृजभूषण गोयल विपिन शर्मा विपिन मंगला व धीरज सिंगला ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर नए बस अड्डे कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक शेर सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता शतकवीर पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में यातायात प्रबंधक पवन कुमार और प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्य रूप से पधारे हुए थे जबकि परिवहन कुरुक्षेत्र से आशुलिपिक आशीष गहलौत विशिष्ट अतिथि रहे। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा और सेवाभावी रमेश चंद ने शिविर के संचालन में विशेष सहयोग किया। शिविर में सतीश सैनी ने 52 वीं बार और नवीन वर्मा ने 36 वीं बार रक्तदान किया। मुख्यातिथि पवन कुमार और नरेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के गणतंत्र दिवस पर मुख्यातिथि पहुंचने पर नगर निगम तैयारियों में जुटा



**निगम क्षेत्र के सभी मुख्यमार्ग होगें जगमग**

**पेड़ पौधों की धुलाई से लेकर सड़को की मरम्मत के भी आदेश : ए मोना श्रीनिवास**

**एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल ने की अधिकारियों की मीटिंग**

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और एट होम कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस महत्वपूर्ण दिवस की तैयारियों को लेकर फरीदाबाद निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने नगर निगम के सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने और निगम क्षेत्र में सभी मुख्य सड़कों को संवारने के आदेश दिए हैं।

निगम कमिश्नर के आदेशों पर एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि नगर निगम अपने क्षेत्र में सड़कों का पेंच वर्क,सड़को के सेंटरवर्ज को दुरुस्त करने,पेंटिंग वर्क और लाइटिंग के अलावा सड़को के साथ पेड़ो की धुलाई,सड़को की सफाई, मोबाइल टॉयलेट्स जैसी सभी प्रकार की तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गणतंत्र दिवस के मौके पर वीवीआईपी रूट पर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन आदेशों पर अमल करते हुए अधिकारियों की मीटिंग आज एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल के कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग, ओल्ड जॉन से जॉइंट कमिश्नर सुमित कुमार, सभी एक्सईन ओमदत्त, एक्सईन ओपी कर्दम, एक्सईन नितिन कादियान, एक्सईन सुशील ठाकरान सहित सफाई विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# सक्षम युवा योजना-2016 के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** रोजगार निदेशालय हरियाणा की सक्षम युवा योजना-2016 के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को मानदेय का कार्य उपलब्ध करवाया जाता है। यह जानकारी देते हुए उपमंडल रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव ने बताया कि मानदेय के रूप में 6000/-रु० अधिकतम प्रतिमाह 60रु प्रति घंटा अधिकतम 100 घंटे तथा बेरोजगारी भत्ते के रूप में स्नातकोत्तर 3000/-रु० स्नातक-1500/-रु0 12वीं पास-900/-रु०। सक्षम युवा योजना-2016 के पंजीकरण हेतू www.hreyahs.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण करवायें। उपमंडल रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव ने बताया कि इस योजना के तहत स्नातकोत्तर / स्नातक तथा 12वीं पास प्रार्थियों को अपना नाम रजिस्टर करवाना होता है जिसकी शर्तें निम्न प्रकार से है: आवेदक हरियाणा का निवासी होना चाहिए, आवेदक किसी भी सरकारी/ गैर सरकारी नौकरी में न हो, आवेदक किसी भी तरह के रोजगार जैसे-सार्वजनिक / निजी क्षेत्र / अर्ध सरकारी और स्व-रोजगार में शामिल नहीं होना चाहिए, आवेदक की पारिवारिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, आवेदक की आयु 18 से 35 अथवा 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, आवेदक रेगुलर पढ़ाई न करता हो, आवेदक सरकारी नौकरी से बरखास्त नहीं होना चाहिए। आवेदक हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली पंजाबी व पटियाला विश्वविद्यालय व एचबीएसई, सीबीएसई, व आईसीएसई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से रेगुलर पढ़ा लिखा हो जो हरियाणा, चंडीगढ़ व दिल्ली में स्थित हो। उन्होंने आमजन से अपील कि सक्षम युवा योजना-2016 के पंजीकरण हेतू www.hreyahs.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण करवाकर इस योजना का भरपूर फायदा उठायें व अपने करियर को नई उचाईयों तक पहुंचने में सरकार की योजना का लाभ उठायें। किसी भी जानकारी के लिए उपमंडल रोजगार कार्यालय बड़खल, 5 जे पार्क, एनआईटी फरीदाबाद में सम्पर्क कर सकते हैं व दूरभाष नं-0129-4607786 पर जानकारी ले सकते हैं।

# देसी कट्टा सहित आरोपी को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी विक्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा टीम 21 जनवरी को गस्त पर थी गस्त के दौरान अपराध शाखा टीम को अपने गुप्त सूत्रों से एक व्यक्ति पर देसी कट्टा होने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए नहर रोड नया पुल पल्ला फरीदाबाद से एक व्यक्ति को काबू किया है। काबू व्यक्ति से मौके पर देसी कट्टा बरामद हुआ है। जिसने पूछताछ में पता चला कि उसका नाम विक्की वासी शिव कॉलोनी तिलपत पल्ला अमर नगर का रहने वाला है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को दिल्ली शदर बजार में किसी अंजान व्यक्ति से एक साल पहले 3000/-रु में बरामद किया है। आरोपी पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।



## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में पत्रकार ने खुद के अपहरण का रचा नाटक, गिरफ्तार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक पत्रकार को सिंध प्रांत में संपत्ति कब्जाने के लिए अपने अपहरण का नाटक रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंध सूबे के खैरपुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि वरिष्ठ पत्रकार फैयाज सोलंगी को उसके एक अन्य रिश्तेदार व कुख्यात डाकू मजहर सोलंगी के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सोलंगी ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर अपने अपहरण की झूठी कहानी रची थी। खैरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तौहीद मेमन ने कहा, ''पिछले हफ्ते जब खैरपुर से एक पत्रकार के अपहरण की खबर आई और विरोध प्रदर्शन और धरने हुए, तो पुलिस की प्रतिष्ठा दांव पर लग गई। गहन जांच की गई और असलियत सामने आई। मेमन ने कहा कि अपहरण का नाटक पुलिस से फैयाज के चचेरे भाइयों को गिरफ्तार करवाने के लिए किया गया था, जिनके साथ उसका संपत्ति विवाद था। उन्होंने बताया कि फैयाज ने मजहर से संपर्क किया और दोनों ने मिलकर अपहरण की झूठी कहानी रची। मेमन ने बताया, '' फैयाज ने डकैतों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के वीडियो भी मीडिया को भेजे और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए, ताकि पुलिस पर अपने चचेरे भाइयों को गिरफ्तार करने के लिए दबाव बढ़ाया जा सके जिसे उनके रिश्तेदार ने प्राथमिकी में नामजद किया था।

### 10 साल के बेटे पर बैठ गई डेढ़ क्विंटल की मां, हुई मौत, कोर्ट ने सुनाई 6 साल की सजा



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के इंडियाना राज्य से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक डेढ़ क्विंटल की मां को अपने ही 10 साल के बेटे की हत्या करने के आरोप में सजा सुनाई गई है। महिला ने अपने बेटे के ऊपर बैठकर उसकी जान ले ली। इस मामले में कोर्ट ने महिला को 6 साल की सजा सुनाई गई है। यह मामला इंडियाना के एक छोटे से शहर का है जहां 48 साल की जेनिफर ली विल्सन ने अपने 10 साल के बेटे डकोटा लेवी स्टीवंस के ऊपर लेटकर उसकी जान ले ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्टीवंस शैतानी कर रहा था और जेनिफर उसे शांत करने के लिए उसके ऊपर लेट गई। महिला का वजन 154 किलोग्राम से ज्यादा था और वह लगभग 5 मिनट तक बेटे के पेट पर लेटी रही। इस दौरान बच्चे की सांस रुक गई और वह बेहोश हो गया। जेनिफर ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने बेटे को शांत करने के लिए उसके ऊपर लेटी थी तो उसे लगा कि वह बच्चे को पकड़ रही है लेकिन 5 मिनट बाद जब बच्चे ने हिलना-डुलना बंद कर दिया तब उसे यह एहसास हुआ कि कुछ गलत हो गया है। पुलिस जब जेनिफर के घर पहुंची तो बच्चे की सांसें नहीं चल रही थीं। डॉक्टरों ने अस्पताल में दो दिन बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में जेनिफर ली विल्सन ने हत्या की कोशिश के आरोप को स्वीकार किया और बताया कि उसने जानबूझकर अपने बेटे की हत्या नहीं की थी लेकिन उसके लापरवाही से बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद उसे 6 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। जेनिफर का वजन 154 किलोग्राम था जबकि उसके बेटे का वजन सिर्फ 40 किलोग्राम था। शव परीक्षण से पता चला कि स्टीवंस की लंबाई 4 फुट 10 इंच थी और उसका वजन 40 किलोग्राम था जबकि जेनिफर की लंबाई 4 फुट 11 इंच थी। इस मामले ने सभी को चौंका दिया है कि कैसे एक माता-पिता अपने बच्चे के साथ ऐसा कर सकते हैं।

### वर्मोंट में अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल एजेंट की हत्या, जांच जारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सोमवार को उत्तरी वर्मोंट में कनाडाई सीमा के पास एक अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल एजेंट की हत्या कर दी गई, अधिकारियों ने बताया। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के यूएस कस्टम्स और बॉर्डर प्रोटेक्शन ने एक बयान में कहा कि एजेंट कर्तव्य के दौरान मारे गए, हालांकि उन्होंने और जानकारी नहीं दी। वर्मोंट राज्य पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर को कोवेंट्री में हुई, जो कनाडा सीमा से लगभग 32 किमी दूर है। राज्य पुलिस अधिकारियों ने फेडरल अधिकारियों, जैसे एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी की मदद की। साथ ही इस घटना के बाद, राजमार्ग का एक हिस्सा दोनों दिशाओं में लगभग दो घंटे के लिए बंद कर दिया गया।

### नेपाल सरकार ने की 31 को संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने की सिफारिश

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल सरकार ने सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र 31 जनवरी को बुलाने की सिफारिश की। कानून और न्याय मंत्री अजय कुमार चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से 31 जनवरी को संसद सत्र बुलाने का अनुरोध किया है। बता दें कि विपक्षी पार्टियां सरकार पर संसद सत्र जल्दी बुलाने का दबाव बना रही हैं, उनका कहना है कि यह पहले ही देरी हो चुकी है।

## भारत के दुश्मन पर ट्रंप ने साइन किया फैसला, भीड़ की तरफ उछाल दिया पेन, जानें आ गए किसके बुरे दिन !

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ले ली है। ट्रंप के इनोग्रेशन डे पर हरेक मूवमेंट सबसे खास था। सबसे खास था शपथ लेने के साथ ही लिए गए वो फैसले जिसका अंतर पूरी दुनिया में पड़ने वाला था। इसके साथ ही उन डॉक्यूमेंट पर साइन करने वाला वो पेन भी बहुत खास था जिसे ट्रंप ने भीड़ की तरफ उछाल दिया था। चार साल के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में ऐतिहासिक वापसी की है। 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेते ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण फैसले किए। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने जो भी ऐलान किए थे, उसे अब वो कुछ हद तक पूरा करते हुए नजर आ रहे हैं। अपने पहले एक्सीक्यूटिव ऑर्डर्स में एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले लेकर पूरी दुनिया को हिलाने वाले ट्रंप ये फैसला कर चुके हैं कि वो मैक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। अमेरिका में फिर एक बार इस बात को लेकर उथल पुथल शुरू हो गई है कि क्या वाकई ट्रंप ये करने जा रहे हैं? ट्रंप ने फैसला ले लिया है यानी डिसीजन फाइनल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सत्ता पर काबिज होने के साथ ही ये तय कर चुके हैं कि 1 फरवरी की शुरुआत से मैक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत का टैक्स लगाया जाएगा।

ट्रंप ने 1 फरवरी से कनाडा और मेक्सिको से आने वाली चीजों पर 25त्न आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का आदेश दिया। ट्रंप ने कार्यकारी आदेश से ये फैसले लिए। यह आदेश संसद से पास कानून के वरावर होते हैं, लेकिन इन्हें बाद में आने वाले राष्ट्रपति या कोर्ट पलट सकते हैं। अमेरिकी संसद के उच्च सदन सेनेट ने भी एक विल पास किया, जिसके तहत चोरी और हिंसा के आरोपी प्रवासियों को हिरासत में लेना होगा। ट्रम्प ने कहा कि कनाडा और मैक्सिको पर एक फरवरी से शुल्क लागू हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया है जिसमें एक अप्रैल तक वित्त मंत्री द्वारा समन्वित रिपोर्ट का अनुरोध किया गया है।

जस्टिन टूडो और डैनियल स्मिथ ने तर्क दिया कि कनाडा ऊर्जा महाशक्ति है, जिसके पास तेल और महत्वपूर्ण खनिज भंडार है और ट्रंप के संकल्प के मुताबिक अमेरिका को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कनाडा की इस संपदा की आवश्यकता होगी। कनाडा में विनिर्माण और ऑटोमोबाइल के केंद्र, ओंटारियो के प्रमुख डग फोर्ड ने कहा कि कारोबारी मुकाबला 100 प्रतिशत होने वाला है। फोर्ड ने 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) के साथ साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप ने कनाडा पर आर्थिक युद्ध की घोषणा की है और हम अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए हर वह तरीका आजमाएंगे जो हम आजमा सकते हैं। टूडो ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो कनाडा जवाबी कार्रवाई करेगा।



### ट्रंप ने कहा- रुस को बर्वाद करने में जुटे हैं राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

वाशिंगटन(ईएमएस)। नवागत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत से इनकार कर रूस को बर्वाद कर रहे हैं। यह युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था। सोमवार को ओवल ऑफिस लौटने पर पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने पुतिन से शांति समझौते की मांग की और इस बात पर जोर दिया कि लंबे समय से चल रहा संघर्ष रूस पर भारी पड़ रहा है। ट्रंप ने कहा, पुतिन को समझौता करना चाहिए। मुझे लगता है कि समझौता न कर वे रूस को बर्बाद कर रहे हैं। रूस बड़ी मुसीबत में पड़ने वाला है।

## अब कोलंबिया में आपातकाल लगाने की तैयारी, राष्ट्रपति पेट्रो बोले- हिंसा रोकने के लिए उठाएंगे सख्त कदम

**कोलंबिया, एजेंसी।** कोलंबिया में जारी हिंसा को खत्म करने के लिए बागी गुट के साथ चल रही शांति वार्ता नाकाम होने के बाद राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने आपातकाल लागू करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने एक्स पर संदेश में इसका जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएंगे। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि वह देश के उत्तर पूर्व में लगातार हो रहे गुरिल्ला हमलों के बाद आंतरिक उथल-पुथल की स्थिति की घोषणा करेंगे। मुझे उम्मीद है कि न्यायिक प्रणाली हमारा समर्थन करेगी। कोलंबिया के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और उनका मंत्रिमंडल जब डिक्री पर हस्ताक्षर कर देगा तो आपातकाल प्रभावी हो जाएगा, लेकिन इसे कोलंबिया की अदालत अमान्य कर सकती है। हालांकि इस आपातकाल का इस्तेमाल कांग्रेस को निलंबित करने और नागरिक अधिकारों को खत्म करने के लिए नहीं किया जा सकता है।



दरअसल कोलंबिया में शांति वार्ता नाकाम होने के बाद हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा में अब तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और दो दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। हिंसा के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हिंसा कोलंबिया के कैटाटुम्बो क्षेत्र में हो रही है। हिंसा को देखते हुए राष्ट्रपति पेट्रो ने विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) को चेतावनी दी थी कि उनकी सेना कार्रवाई करेगी। पेट्रो ने एक्स पर लिखा कि ईएलएन ने युद्ध का रास्ता चुना है तो उनको यही मिलेगा। उन्होंने ईएलएन अब मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला समूह बन गया है। ईएलएन शांति और लोगों से पूरी तरह से अलग हो गया है। पेट्रो ने 2022 में ईएलएन के साथ शांति वार्ता शुरू की थी, लेकिन कई मुद्दों पर असहमति के चलते वार्ता रुक गई है। कैटाटुम्बो क्षेत्र कोकीन बनाने और तस्करी के लिए बदनाम है। इस इलाके में प्रभाव रखने वाले दो सशस्त्र संगठन नेशनल लिबरेशन आर्मी और कोलंबिया मार्क्ससिस्ट रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस गुट के बीच यह हिंसा हो रही है। इन दोनों गुटों के बीच शांति की कोशिश की जा रही थी।

## सीनेट ने मार्को रूबियो को विदेश मंत्री बनाने की दी मंजूरी, ट्रंप कैबिनेट के पहले सदस्य बने

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट ने मार्को रूबियो को देश का अगला विदेश मंत्री बनाने की मंजूरी दे दी है। सीनेट ने सर्वसम्मति से मार्को रूबियो का नाम मंजूर किया। इसके साथ ही ट्रंप की कैबिनेट में जगह पक्की करने वाले मार्को रूबियो पहले नेता बन गए हैं। सीनेट के सभी 99 सदस्यों ने रूबियो का समर्थन किया। इनमें खुद रूबियो का नाम भी शामिल है। ओहायो से सीनेटर जेडी वेंस, जो अब अमेरिका के उपराष्ट्रपति हैं, वे सीनेट से इस्तीफा दे चुके हैं। यही वजह रही कि सीनेट की एक सीट खाली है और सिर्फ 99 सदस्यों ने मतदान किया।

मार्को रूबियो लैटिन अमेरिकी मूल के नेता हैं और साल 2011 से फ्लोरिडा से सीनेटर हैं। रूबियो को चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है और यही वजह है कि उन्हें चीन ने साल 2020 में प्रतिबंधित भी कर दिया था। रूबियो सीनेट की खुफिया मामलों की समिति के भी सदस्य रहे हैं। लैटिन मूल के रूबियो पहले नेता हैं, जो अमेरिका के विदेश मंत्री पद तक पहुंचे हैं, साथ ही अमेरिका के 72वें विदेश मंत्री होंगे। सीनेट की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जिम रीच ने रूबियो की तारीफ की और कहा कि जब अमेरिका कई चुनौतियों से जूझ रहा है और उसके दुश्मन उसे कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## विवेक रामास्वामी ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे, नई भूमिका की तैयारी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** उद्यमी विवेक रामास्वामी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे। उन्हें व्हाइट हाउस में नए सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था। हालांकि अब इस भूमिका को नहीं निभाएंगे। क्योंकि वह ओहायो के गवर्नर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। यह जानकारी व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने दी। अब डीओजीई की जिम्मेदारी एलन मस्क को दी गई है, जिन्हें सोमवार दोपहर व्हाइट हाउस में देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि मस्क को व्हाइट हाउस पास दिया गया है, और वह वेस्ट विंग से काम करेंगे। ट्रंप-वैन्स ट्रांजिशन की प्रवक्ता एना केली ने कहा, विवेक रामास्वामी ने डीओजीई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि गवर्नर चुनाव में उतरने की इच्छा के चलते विवेक ने इस कमेटी से अलग होने का फैसला किया है। केली ने कहा, उनकी योजना जल्द ही चुनाव लड़ने की है, जिसके कारण उन्हें डीओजीई से बाहर रहना होगा। हम उनके योगदान के लिए दिल से धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अमेरिका को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीओजीई से अलग होने के बाद रामास्वामी ने इसका हिस्सा बने रहने के लिए सम्मान बताया और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर जल्द घोषणा करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, डीओजीई की स्थापना में



सहयोग करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। मुझे भरोसा है कि एलन और उनकी टीम सरकार को बेहतर बनाने में सफल होंगे।

उन्होंने आगे कहा, मैं ओहायो में भविष्य की योजनाओं पर जल्द ही कुछ और साझा करूंगा। सबसे महत्वपूर्ण बात, राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर अमेरिका को महान बनाने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रामास्वामी और स्पेसएक्स व टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पिछले नवंबर में राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नई पहल का नेतृत्व करने के लिए चुना था। इस पहल का मकसद व्हाइट हाउस और उसके प्रबंधन व बजट कार्यालय के साथ मिलकर काम करना है। 39 वर्षीय रामास्वामी पहले रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रह चुके हैं। उन्हें पिछले महीने सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा। इस पोस्ट में उन्होंने तर्क दिया था कि अमेरिकी संस्कृति औसत दर्जे की चीजों का जश्न मना रही है। ओहायो के निवासी रामास्वामी का नाम उस समय चर्चा में आया जब उन्हें अमेरिकी सीनेट में उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की जगह लेने के लिए संभावित उम्मीदवार माना जा रहा था। हालांकि, गवर्नर माइक डेवाइन ने इसके लिए लेफ्टिनेंट गवर्नर जॉन हस्टेड को चुना। जब एक्स पर एक रामास्वामी पैरोडी अकाउंट ने दावा किया कि वह ओहायो में गवर्नर का चुनाव लड़ने वाले हैं, तो असली रामास्वामी ने जवाब दिया था।

## ट्रंप सरकार में बिना वैध कागज अमेरिका में रहना मुश्किल...
## 18 हजार भारतीयों को लेकर सरकार चिंतित

### -अमेरिका इन भारतीयों को नई दिल्ली वापस भेज सकता

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों पर एक्शन शुरू कर दिया है। इससे अमेरिका में रह रहे वैसे प्रवासी डर में हैं जिनके कागज यानी कि वीजा दस्तावेज पूरे नहीं हैं। इन लोगों ने कानूनी विकल्पों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इस बात को लेकर भारत में भी चिंता है। अमेरिकी प्रशासन की ओर से तैयार दस्तावेजों के अनुसार अमेरिका में करीब 18 हजार वे भारतीय हैं जिनके पास अमेरिका में रहने के लिए पर्याप्त वैध दस्तावेज नहीं हैं। ट्रंप प्रशासन इन भारतीयों को नई दिल्ली वापस भेज सकता है।

यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम इनफोर्समेंट (आईसीआई) के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2024 तक 20407 लोग थे, जिन्हें अमेरिका बगैर दस्तावेजों अथवा अधूरे दस्तावेजों के बताता है। इन भारतीयों पर ही ट्रंप प्रशासन की पैनी नजर है इसमें 2,467 भारतीय यूएस इमिग्रेशन के डिटेंशन कैंप में बंद हैं। जबकि 17,940 भारतीय को अमेरिका पेपरलेस बताता है।



रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में भारतीय तीसरे इसतरह के सबसे बड़े समुदाय हैं जिन्हें अमेरिका बिना दस्तावेज वाले प्रवासी मानता है। मामले में नंबर एक अमेरिका के पड़ोसी मैक्सिकन और दूसरे नंबर पर सल्वाडोर के नागरिक हैं।

आईसीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार चार साल में डिपोर्ट किए जाने वाले भारतीयों की संख्या 5 गुना बढ़ गई है। अमेरिका ने 2021 में 292 भारतीयों को डिपोर्ट किया था 2024 में ये संख्या 1529 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार 6 दिसंबर को विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया था कि अमेरिकी आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2023 से अक्टूबर 2024 के बीच अमेरिका ने 519 भारतीयों को डिपोर्ट किया है।

### क्या होता है फाइनल रिमूवल ऑर्डर

रिमूवल ऑर्डर आव्रजन (इमिग्रेशन) न्यायाधीश द्वारा जारी किया जाता है। जब प्रवासी की अर्जी पर सुनवाई करने वाला अपीलीय प्राधिकारी आदेश की पुष्टि कर देता है, तब फिर ये अंतिम निष्कासन आदेश यानी कि फाइनल रिमूवल ऑर्डर बन जाता है। अमेरिका में वर्तमान में 20407 भारतीय प्रवासी है। अमेरिकी कानून कहता है कि इन भारतीयों के पास अमेरिका में रहने के लिए पूरे कागज नहीं हैं।

### अमेरिका में कितने अवैध प्रवासी

आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में 1 करोड 10 लाख से लेकर 1 करोड़ 40 लाख के बीच प्रवासी हो सकते हैं। हालांकि ट्रंप का मानना है कि ये संख्या 2 से 2.5 करोड़ हो सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका की कुल आबादी ही 34 करोड़ है। ट्रंप प्रशासन ने आपराधिक रिकॉर्ड वाले 6,55,000 व्यक्तियों के निर्वासन को प्राथमिकता दी है। इसके अलावा 14 लाख वे व्यक्ति हैं जिन्हें पहले ही रिमूवल ऑर्डर मिल चुका है।

## आधी रात को आए सबसे शक्तिशाली भूकंप से थर्राया ताइवान, 15 से ज्यादा लोग घायल

**ताइपे, एजेंसी।** भूकंप के झटकों से एक बार फिर धरती हिल गई है। आज मंगलवार 21 जनवरी की सुबह भारतीय समयानुसार करीब 1:30 बजे ताइवान में भूकंप आया। ताइवान के दक्षिणी इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भूकंप की पुष्टि की और कहा कि ताइवान में भूकंप में 15 लोग घायल हुए हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र ताइवान के युजिंग शहर से 12 किलोमीटर उत्तर में पाया गया। ताइवान अग्निशमन विभाग के अनुसार, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, ताइनान शहर के नानक्सी जिले में भूकंप से नष्ट हुए एक घर के मलबे से 6 घायल लोगों को बचाया गया। भूकंप के प्रभाव से राज्य राजमार्ग पर बना झूवेई पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन किसी के मरने की खबर नहीं है।

**भूकंप से ताइवान में भारी तबाही हुई है :** मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल 2023 में भी ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हुआलिएन शहर में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 13 लोगों की जान चली गई और एक हजार से अधिक लोग घायल हो गए। ताइवान प्रशांत महासागर में रिंग ऑफ फायर पर स्थित है, इसलिए इस देश में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। क्योंकि ताइवान दो टेक्टोनिक प्लेटों के बीच स्थित है, यह भूकंप के सबसे संवेदनशील क्षेत्र में आता है। वर्ष 2016 में ताइवान में आए भूकंप में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। वर्ष 1999 में ताइवान में 7.3 तीव्रता का भूकंप आया था और लगभग 2000 लोग मारे गए थे। इसलिए ताइवान की सरकार समय-समय पर लोगों को सचेत करती रहती है और वहां के लोग भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। आपको बता दें कि 7 जनवरी को भारत के पड़ोसी देश तिब्बत में भीषण भूकंप आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.8 थी। इतनी तीव्रता के भूकंप ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के पास स्थित शिगात्से शहर को मलबे के ढेर में बदल दिया। यह शहर चीन के कब्जे में है। भूकंप के कारण तिब्बत में लगभग 130 लोग मारे गए। इस भूकंप के बाद से आज तक तिब्बत में हर दिन भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। इस भूकंप का केंद्र तिब्बत के टिंगरी काउंटी में पाया गया, जो माउंट एवरेस्ट से 80 किलोमीटर (50 मील) उत्तर में स्थित है, और भूकंप की लहरें लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर उठीं। भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह करीब 9:05 बजे आया। भूकंप का असर चीन, नेपाल, भूटान और भारत के कुछ जिलों के साथ-साथ बांग्लादेश में भी महसूस किया गया।

## ब्रिटेन में पुरुषों को अपनी बात कहने के लिए दिए जा रहे 8 मिनट

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में पुरुषों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। इस प्रयोग के तहत पुरुषों को अपनी बात कहने के लिए आठ मिनट का समय दिया जाता है। यह प्रयोग अब तक सफल हो रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। देशभर में ऐसे समूह बन रहे हैं, जहां पुरुष बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं। इससे उनकी मानसिक सेहत में सुधार हो रहा है और वे डिप्रेशन जैसी समस्याओं से उबरकर जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो पा रहे हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर बढ़ रही जागरूकता :** ब्रिटेन की प्रमुख स्वास्थ्य एजेंसी एनएचएस के अनुसार, देश के 13प्रतिशत पुरुष मानसिक सेहत से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में खुदकुशी करने की संभावना तीन गुना ज्यादा है। इसके अलावा अधिक शराब सेवन के कारण होने वाली मौतें भी पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दोगुनी हैं। इस प्रकार की चिंताओं के मद्देनजर, ब्रिटेन में मेन्स सर्कल जैसे समूह तेजी से बढ़ रहे हैं, जो पुरुषों को अपनी बात कहने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। मेन्स सर्कल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पास्को एश्टन कहा- पुरुषों को मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं होती हैं, लेकिन इस विषय पर बातचीत नहीं होती। हम इन समूहों के माध्यम से पुरुषों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। ब्रिटिश लेखक जोएल गोल्बी ने भी जब ऐसे समूह से जुड़ने की शुरुआत की, तो उन्हें इसके प्रभाव को लेकर संदेह था। लेकिन जब उन्होंने 8 मिनट तक अपने



दिल की बात की, तो उन्हें बहुत राहत मिली।

**एंडीज मैन्स क्लब: एक प्रेरणादायक उदाहरण :** ऐसा ही एक समूह एंडीज मैन्स क्लब है, जिसकी शुरुआत एलेन रॉबर्ट ने की थी। एलेन के बेटे एंड्रयू (23) ने खुदकुशी कर ली थी और इसके बाद उन्होंने यह क्लब शुरू किया। एलेन बताती हैं कि हर हफ्ते इस क्लब में 190 सपोर्ट ग्रुप में लगभग 4500 पुरुष जुड़ते हैं। यह सेवा पूरी तरह मुफ्त है और क्लब कॉफी और स्नैक्स का खर्च भी खुद उठाता है। ये छोटे समूह पुरुषों को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करते हैं, जहां वे बिना किसी आलोचना के अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। ग्रुप में एक सूत्रधार होता है, जो बातचीत को दिशा देता है, भागीदारी बढ़ाता है और गंभीर मुद्दों पर चर्चा सुनिश्चित करता है। इन समूहों में एक दूसरे से जुड़ने और अपनी भावनाएं साझा करने से पुरुषों को यह एहसास होता है कि वे अकेले नहीं हैं। लगातार मिलने से विश्वास बढ़ता है और रिश्ते मजबूत होते हैं, जिससे पुरुषों के लिए खुलकर बात करना आसान हो जाता है। ब्रिटेन के प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य एक्सपर्ट डॉ. ल्यूक सुलिवन कहते हैं, पुरुषों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एक शर्मिंदगी की बात मानी जाती है, जबकि उनकी बात सुनने से ही समस्या का समाधान हो सकता है। प्रगतिशील आदर्शों के नाम पर उन्हें चुप कराना, उनके मानसिक स्वास्थ्य को और बिगाड़ रहा है। हमें पुरुषों की भावनाओं को स्वीकारने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडीबीआई बैंक लिमिटेड- 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीने के लिए वित्तीय परिणाम

**मुंबई, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक ने क्यू3 एफवाय25 के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। क्यू3 एफवाय25 के लिए शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत की मजबूत वायओवाय वृद्धि के साथ 1,908 करोड़ रहा। ऑपरेटिंग प्रॉफिट 2,802 करोड़ रहा। एनआईएम 5.17 प्रतिशत और शुद्ध ब्याज आय 23 प्रतिशत की वायओवाय वृद्धि करते हुए 4,228 करोड़ दर्ज हुई। क्यू3-2025 में जमा की लागत 4.63 प्रतिशत रही, जो क्यू3-2024 में 4.34 प्रतिशत थी। सीआरएआर 166 बीपीएस की वायओवाय वृद्धि के साथ 21.98 प्रतिशत रहा। क्यू3-2025 के लिए संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 29 बीपीएस वृद्धि के साथ 1.99 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो क्यू3-2024 में 1.70 प्रतिशत था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 20.13 प्रतिशत रहा (56 बीपीएस की वायओवाय वृद्धि)। शुद्ध एनपीए 0.18 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 0.34 प्रतिशत था। सकल एनपीए 3.57 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 4.69 प्रतिशत था। पीसीआर 99.47 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 99.17 प्रतिशत था।

### सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन: सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की प्रेरक कहानी ने शार्क्स को किया प्रभावित!

**मुंबई, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया में शांतिलाल जे. सावनी अपने परिवार के सदस्यों, राम और जगरूत के साथ अपनी पारिवारिक विरासत सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन को पेश करने के लिए तैयार हैं। इस पिच में परंपरा और दृढ़ता की झलक मिलेगी। मुंबई में स्थित यह व्यवसाय तीन पीढ़ियों से भारत के सांस्कृतिक धरोहर स्मारकों के संरक्षण में जुटा है। इस ऐतिहासिक सफर की शुरुआत शांतिलाल ने एक साधारण राजमिस्त्री के रूप में की थी। उनके विज़न और कारीगरी को परिवार ने आगे बढ़ाया और आज सावनी परिवार हेरिटेज रेस्टोरेशन समुदाय में सबसे सम्मानित नामों में से एक बन चुका है। सावनी परिवार की महत्वाकांक्षा उनकी विरासत जितनी भव्य है–वर्ष 2030 तक 1,000 स्मारकों को संरक्षित करने का लक्ष्य। पारंपरिक तकनीकों और टिकाऊ सामग्रियों में अपनी महारत के बल पर, उन्होंने अब तक 300 स्थलों का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण किया है, जिनमें मुंबई का प्रतिष्ठित ओपेरा हाउस भी शामिल है। अपनी प्रोजेक्ट्स की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए वे खुद टाइल्स, ईंटें और अन्य सामग्री तैयार करते हैं। शार्क टैंक इंडिया पर उनका पिच देना वाकई प्रेरणादायक रहा।

### इंडिया असिस्ट ने महाकुम्भ 2025 तथा राज्य में टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटरों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ की साझेदारी

**लखनऊ, एजेंसी।** यात्रा में सहायता प्रदान करने वाले टेक-इनेबल्ड लीडर इंडिया असिस्ट ने महाकुम्भ 2025 के दौरान और इसके बाद भी लाखों यात्रियों को यात्रा का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत इंडिया असिस्ट प्रयागराज में महाकुम्भ क्षेत्र में टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर (पर्यटन जानकारी केन्द्र) संचालित कर रहा है, साथ ही इस तरह के टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे पर भी स्थापित किए गए हैं। श्री हरीश खत्री, संस्थापक, इंडिया असिस्ट ने इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''भारत विभिन्न अनुभवों और संस्कृति के खजाने का देश है और महाकुम्भ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का अविश्वसनीय संगम है। इस साझेदारी के माध्यम से हम चाहते हैं कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालु आत्मविश्वास के साथ मेले का सहज अनुभव पा सकें। आधुनिक टेक्नोलॉजी और मानवीय सहयोग के साथ हम सुनिश्चित करते हैं कि हर आगंतुक को यात्रा के दौरान हर ज़रूरी मार्गदर्शन और सहयोग मिले।

# पीएलआई : एसी-एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन, 3,516 करोड़ का करेंगी निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** व्हाइट गुड्स के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन किया गया है। इन कंपनियों ने 3,516 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

**तीसरे दौर में मिले 38 आवेदन–** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन के तीसरे दौर में 38 आवेदन मिले। आवेदनों पर विचार के बाद 18 नई कंपनियां चुनी गईं। इनमें एसी कंपोनेंट बनाने वाली 10 और आठ एलईडी लाइट्स निर्माता कंपनियां शामिल हैं। इन्होंने 2,299 करोड़ की निवेश प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, छह मौजूदा लाभार्थी कंपनियों को उच्च निवेश श्रेणियों में अपग्रेड



करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है।

इसके लिए 1,217 करोड़ का अतिरिक्त निवेश होगा। कुल मिलाकर, इन वस्तुओं के लिए योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ का निवेश लाने वाली हैं। इससे 1,72,663 करोड़ मूल्य का उत्पादन होगा। अक्तूबर, 2024 में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने 4,121 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के साथ आवेदन किया था।

**देश में ही बनेंगे कलपुर्जे–** एसी के लिए कम्प्रेसर, कॉपर ट्यूब व हीट एक्सचेंजर जैसे कंपोनेंट अब देश में ही बनेंगे।?एलईडी लाइट्स के लिए एलईडी चिप पैकेजिंग, लाइट मैनेजमेंट सिस्टम व कैपेसिटर के लिए मेटलाइज्ड फिल्म का विनिर्माण भी होगा।

## अब गो फर्स्ट नहीं भरेगी उड़ान, संपत्तियां बेचकर चुकाएगी कर्ज; 54 विमानों का पंजीकरण रद्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेट एयरवेज के बाद वित्तीय संकट में फंसी विमानन कंपनी गो फर्स्ट भी अब उड़ान नहीं भर सकेगी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को 17 साल तक करोड़ों लोगों को हवाई सफर कराने वाली गो फर्स्ट के परिसमापन का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी को अपनी संपत्तियां बेचकर कर्ज चुकानी होगी। वित्तीय समस्याओं के कारण विमानन कंपनी ने मई, 2023 में स्वैच्छिक रूप से दिवालिया समाधान प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। गो फर्स्ट का परिचालन तीन मई, 2023 यानी करीब दो साल से बंद है।

एनसीएलटी ने 15 पन्नों के आदेश में कहा, वह कंपनी गो एयरलाइंस (इंडिया) लि. के परिसमापन का आदेश दे रहा है। अब कर्जदाताओं की




समिति (सीओसी) को अपने गठन के बाद और समाधान योजना की पुष्टि से पहले किसी भी समय गो फर्स्ट के परिसमापन का निर्णय लेने का अधिकार है।

एनसीएलटी ने कहा, कॉरपोरेट देनदार के परिसमापन के प्रस्ताव को सीओसी ने 100 फीसदी वोटिंग के साथ मंजूरी दी थी। इसलिए, सीओसी के वाणिज्यिक विवेक में हस्तक्षेप करने की कोई योग्यता नहीं दिखती है। इससे दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर, 2024 को दिवालिया कार्यवाही मामले में बड़ा फैसला देते सुनाते हुए जेट एयरवेज के परिसमापन का आदेश दिया था। जेट एयरवेज ने आखिरी बार अप्रैल, 2019 में उड़ान भरी थी।

### परिसमापक नियुक्त, 75 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

एनसीएलटी ने दिनकर तिरुवनंदपुरम वेंकटसुब्रमण्यम को परिसमापक (लिक्विडेटर) नियुक्त किया है, जिन्हें कॉरपोरेट देनदार के वित्तीय मामलों की जांच जारी रखने के लिए कहा गया है। आदेश के मुताबिक, परिसमापक को परिसमापन प्रक्रिया के दौरान उनके निपटान के लिए लंबित आवेदनों का भी पालन करना होगा। परिसमापन को 75 दिन के भीतर एनसीएलटी को एक प्रारंभिक रिपोर्ट देनी होगी।

### आगे नहीं बढ़ पाई कर्ज समाधान प्रक्रिया

दिवालिया समाधान प्रक्रिया के दौरान कम-से-कम दो बोलीदाता स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ बिजी बी एयरवेज और शारजाह स्थित विमानन कंपनी स्काई वन सामने आए थे। यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी बिजी बी एयरवेज में बहुलांश शेयरधारक हैं। हालांकि, कर्ज समाधान प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी। इसके बाद एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के परिसमापन का आदेश दिया है।

### 54 विमानों का पंजीकरण रद्द

दिवालिया प्रक्रिया के दौरान नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गो फर्स्ट के 54 विमानों का पंजीकरण भी रद्द कर दिया। विमानन कंपनी ने 2005-06 में मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली उड़ान के साथ घरेलू परिचालन शुरू किया था। 2018-19 में अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू की थी।

## आईपीओ से पहले टैरिफ बढ़ाने की तैयारी में देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो आने वाले दिनों में टैरिफ बढ़ाने की तैयारी में है। हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कंपनी अगले फाइनेंशियल ईयर में आईपीओ से पहले टैरिफ बढ़ा सकती है। कंपनी ने पिछले साल जून में टैरिफ में 25 फीसदी इजाफा किया था। इसे लिस्टिंग से पहले 5जी सर्विसेज को मॉनीटाइज करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि रिलायंस जियो का आईपीओ इस फाइनेंशियल ईयर में आ सकता है। उससे पहले कंपनी अपना एवरेज रेवेन्यू पर यूजर बढ़ाना चाहती है। कंपनी के करीब 48 करोड़ सब्सक्राइबर हैं।

हालांकि सूत्रों ने कहा कि रिलायंस जियो इस बार टैरिफ में पिछली बार की तरह बड़ी बढ़ोतरी नहीं करेगी। यह बढ़ोतरी केवल प्रीमियम कैटगरी तक ही सीमित रह सकती है ताकि कंपनी का सब्सक्राइबर बेस प्रभावित न हो। पिछले साल जून में टैरिफ में बढ़ोतरी के बाद दूसरी तिमाही में कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या में गिरावट आई थी जबकि तीसरी तिमाही में 13 लाख सब्सक्राइबर बढ़े। दिसंबर तिमाही में कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या 48.2 करोड़ थी।

**कब आएगा आईपीओ–** इससे पहले खबर आई थी कि रिलायंस जियो के आईपीओ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कंपनी का आईपीओ 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक इसमें ऑफर ऑफ सेल के साथ-साथ ताजा शेयर भी जारी किए जाएंगे। यह आईपीओ साल की दूसरी छमाही में आ सकता है। कंपनी में विदेशी निवेशकों की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिलायंस ने साल 2020 में अबू धाबी इनवेस्टमेंट फंड, केकेआर, मुबादला और सिल्वर लेक जैसे विदेशी फंड्स से 18 अरब डॉलर जुटाए थे। कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकती है। लेकिन कंपनी की नजर 120 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर है।

## क्यू3 रिजल्ट के बाद रॉकेट बना कंपनी का शेयर, बदहाली में किया मालामाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सनटेक रिएल्टी के शेयरों में आज 11 प्रतिशत से अधिक तेजी देखने को मिली है। बीएसई में कंपनी के शेयर बढ़त के साथ 535.05 रुपये के लेवल पर खुला था। कुछ देर के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 11.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी 546 रुपये के लेवल पर खुला था। बता दें, कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह मजबूत तिमाही नतीजों को माना जा रहा है।

**रेवन्यू में 281 प्रतिशत की उछाल–** दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी का कुल रेवन्यू 162 करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर कंपनी के रेवन्यू में 281 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 42 करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर कंपनी में 426



प्रतिशत का इजाफा हुआ था। टैक्स भुगतान के बाद कंपनी का प्रॉफिट 537 प्रतिशत बढ़ा है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का पैट 43 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, एक साल पहले दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट लॉस 10 करोड़ रुपये का रहा था।

कंपनी का प्री-सेल्स सालाना आधार पर 40 प्रतिशत बढ़ा है। दिसंबर तिमाही में प्री सेल्स 635 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले दिस दिसंबर तिमाही में प्री सेल्स 455 करोड़ रुपये रहा था।

### एमेजॉन एमएक्स प्लेयर को सर्वश्रेष्ठ ओटीटी सुपरहिट जोड़ी का ताज पहनाया

**मुंबई।** हाल ही में एमेजॉन द्वारा एमएक्स प्लेयर की प्रमुख परिसंपत्तियाँ के अधिग्रहण के बाद, यह सेवा भारत में मुफ्त मनोरंजन को फिर से परिभाषित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें असाधारण पहुंच और विशाल कंटेंट लाइब्रेरी शामिल है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने पिछले सप्ताहांत एक रोमांचक अभियान शुरू किया, जिसमें यह बताया गया कि एमेजॉन और एमएक्स प्लेयर की जोड़ी स्ट्रीमिंग क्षेत्र में सुपरहिट जोड़ी है।

## टाटा पावर ने ओडिशा में अत्याधुनिक विद्युत वितरण प्रौद्योगिकी केंद्र शुरू किया

**भुवनेश्वर , एजेंसी।** टाटा पावर और ओडिशा सरकार के संयुक्त उद्यम टीपीसीओडीएल ने आज भुवनेश्वर में एक अत्याधुनिक विद्युत वितरण प्रौद्योगिकी केंद्र का अनावरण किया है। वितरण नेटवर्क प्रबंधन और परिचालन उत्कृष्टता में यह एक बहुत बड़ा परिवर्तनकारी कदम है।इस केंद्र का उद्घाटन ओडिशा सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री के.वी. सिंह देव ने किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार, श्री मनोज आहूजा; सीईओ और एमडी, टाटा पावर, डॉ प्रवीर सिन्हा; अध्यक्ष टीएंडडी, श्री संजय बंगा; टाटा पावर के नेतृत्व वाली ओडिशा डिस्कॉम - टीपीसीओडीएल, टीपीएसओडीएल, टीपीडब्ल्यूओडीएल और टीपीएनओडीएल के सीईओ और सरकार और टाटा पावर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र उन्नत परिचालन प्रौद्योगिकी (ओटी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों को 24×7 पावर सिस्टम कंट्रोल सेंटर (पीएससीसी) के साथ एकीकृत करता है। यह राज्य भर में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करते हुए बिजली वितरण नेटवर्क के लचीलापन को सुधारने में मदद करेगा।

उद्घाटन के अवसर पर ओडिशा के माननीय उपमुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री श्री के.वी. सिंह देव ने कहा, बिजली वितरण प्रौद्योगिकी केंद्र ओडिशा को वितरण उत्कृष्टता का केंद्र बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्नत बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकियों के साथ, यह केंद्र राज्य के लिए विश्वसनीय बिजली सुनिश्चित



करता है। यह भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा इकोसिस्टम के लिए हमारे दृष्टिकोण को दर्शाता है जो उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों का समर्थन करता है। मैं ओडिशा में बिजली वितरण को मज़बूत करने के लिए टाटा पावर की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। इस केंद्र में उन्नत वितरण प्रबंधन प्रणाली है, ताकि बढ़ी हुई नेटवर्क विश्वसनीयता और सटीक परिचालन नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। भौगोलिक सूचना प्रणाली तकनीक परिसंपत्ति प्रबंधन और उपभोक्ता इंडेक्सिंग को सुव्यवस्थित करती है, जबकि उपयोगिता डेटा स्ट्रीम जीआइएस, बिलिंग और मीटर प्रबंधन के निर्बाध एकीकरण के माध्यम से ऊर्जा ऑडिट को स्वचालित करती है। मौसम की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और सैटेलाइट कम्युनिकेशन कनेक्टिविटी और परिचालन निरंतरता को और मज़बूत करते हैं।

## वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपुर के न्यूरोसर्जन ने पहली बार दुर्लभ स्पाइन विकार से पीड़ित बच्चे की मल्टीमोडैलिटी इंट्राऑपरेटिव मॉनिटरिंग-गाइडेड सर्जरी की

**सतना, एजेंसी।** नागपुर क्षेत्र में जटिल पेडियाट्रिक स्पाइन विकृति के लिए पहली बार मल्टीमोडैलिटी इंट्राऑपरेटिव न्यूरोमॉनिटरिंग गाइडेड सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जो उन्नत न्यूरोलॉजिकल उपचार में महत्वपूर्ण साबित हुई। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने वोक्हार्ट सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, नागपुर को मध्य भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार का प्रमुख केंद्र बना दिया है। एक 3 साल के बच्चे को चलने में कठिनाई और मल/मूत्र पर नियंत्रण खोने की शिकायत के साथ वोक्हार्ट हॉस्पिटल लाया गया। उसके रीढ़ की हड्डी में असामान्य झुकाव (जिसे स्कोलियोसिस कहा जाता है) और दोनों पैरों में ऑर्थोपेडिक विकृति (बायलैटरल क्लब फीट) भी थी। उसकी एमआरआई और सीटी स्कैन से एक जटिल असामान्यता का पता चला, जिसमें रीढ़ की हड्डी दो भागों में विभाजित थी और इसके बीच एक हड्डी की नोक थी और निचले हिस्से में फैटी ट्यूमर था और रीढ़ की हड्डी का निचला सिरा सामान्य से नीचे स्थित था। इस विकृति को डायस्टेमेटोमाइलिया विद हेमिकॉर्ड एंडिंग इनटू कंटिग्यूस डोर्सल लिपोमा एंड टेथर्ड फिलम टर्मिनाले विद फैटी इन्फिल्ट्रेशन कहा जाता है, (यानी डायस्टेमेटोमाइलिया जिसमें हेमीकॉर्ड का अंत सन्निहित पृष्ठीय लिपोमा और फैटी इन्फिल्ट्रेशन के साथ टेथर्ड फिलम टर्मिनल में होता है) जो एक बहुत ही दुर्लभ विकार है।

## आईआईएम रायपुर ने युवासंगम चरण-5 के तहत असम के लिए छत्तीसगढ़ प्रतिनिधिमंडल के सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का किया सफल समन्वय

**रायपुर , एजेंसी।** भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर ने असम विश्वविद्यालय, सिलचर के सहयोग से भारत सरकार की प्रमुख पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवासंगम चरण-5 के अंतर्गत पांच दिवसीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल के तहत छत्तीसगढ़ के 45 छात्रों को असम में एक व्यापक सांस्कृतिक और शैक्षिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे विविधता में एकता की भावना को प्रोत्साहित किया गया और जन-से-जन संपर्क को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम की शुरुआत असम विश्वविद्यालय, सिलचर में गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई, जहाँ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने संवादात्मक सत्रों, परिसर भ्रमण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल समापन पर बोलते हुए भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार ककानी ने कहा, यह आदान-प्रदान कार्यक्रम छत्तीसगढ़ और असम के बीच एकता और साझा विकास की भावना का प्रतीक है।

## शिखर धवन और ओरी ने एमेजॉन एमएक्स प्लेयर को सर्वश्रेष्ठ ओटीटी सुपरहिट जोड़ी का ताज पहनाया और इसके नवाचारी ब्रांड अभियान के लिए साथ मिलाकर काम किया

**मुंबई, एजेंसी।** हाल ही में एमेजॉन द्वारा एमएक्स प्लेयर की प्रमुख परिसंपत्तियाँ के अधिग्रहण के बाद, यह सेवा भारत में मुफ्त मनोरंजन को फिर से परिभाषित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें असाधारण पहुंच और विशाल कंटेंट लाइब्रेरी शामिल है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने पिछले सप्ताहांत एक रोमांचक अभियान शुरू किया, जिसमें यह बताया गया कि एमेजॉन और एमएक्स प्लेयर की जोड़ी स्ट्रीमिंग क्षेत्र में सुपरहिट जोड़ी है। इस अभियान में मशहूर क्रिकेटर शिखर धवन और सोशल मीडिया सेंसेशन ओर्री को एक मजेदार अभियान के लिए साथ लाया गया।

अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए, अरुणा दरयानानी, हेड - मार्केटिंग, प्रोडक्ट और टेक, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने कहा, हमारा नवीनतम अभियान सभी भारतीयों को मुफ्त में प्रीमियम गुणवत्ता वाला कंटेंट उपलब्ध कराने के अमेज़न एमएक्स प्लेयर के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। क्रिकेट आइकन शिखर धवन और सोशल मीडिया सेंसेशन ओर्री को साथ लाकर, हमारा उद्देश्य हमारी विशाल कंटेंट लाइब्रेरी को उजागर करना है, जिसे देश भर के दर्शक बिना किसी लागत के आनंद ले सकते हैं! यह अभियान अच्छे भाव को प्रस्तुत करता है तथा बेहतरीन विषय-वस्तु, नवीन विपणन और रणनीतिक साझेदारियों की पेशकश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

शिखर धवन ने इस अभियान का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मनोरंजन में, क्रिकेट की तरह, लोगों को एक साथ लाने की ताकत होती है। इस अभियान के लिए अमेज़न एमएक्स प्लेयर के साथ सहयोग करना बेहद आनंददायक था। शिखर × ऑरी स्पॉट की ऊर्जा और मज़ा कॉन्टेजियस हैं। यह देखकर अद्भुत लगता है कि एमेजॉन एमएक्स प्लेयर लाखों भारतीयों के लिए मुफ्त मनोरंजन को नए रूप में परिभाषित कर रहा है, और इस यात्रा का हिस्सा बनकर मैं बेहद रोमांचित हूं।

ओरी ने साझा किया, इस कैंपेन का हिस्सा बनना वाकई शानदार अनुभव था। शिखर × ओरी स्पॉट के लिए शिखर के साथ जोड़ी बनाना वास्तव में जोड़ी की वाइब्स को सामने लाता है और इसका कॉन्सेप्ट बहुत ही नया और मज़ेदार है। एमेजॉन एमएक्स प्लेयर सचमुच कुछ अनोखा पेश कर रहा है, और मैं दर्शकों को इस अभियान और इसके अद्भुत कंटेंट से जुड़ते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूँ।

## दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की नो माही के लिए शानदार आय की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड जो अपनी उत्पाद श्रृंखला को चीनी से परे बढ़ाकर सतत ऊर्जा और इथेनॉल समाधानों में विस्तार कर रही है, ने 18 जनवरी 2025 को आयोजित बोर्ड बैठक में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनैन्शल रिजल्ट को मंजूरी दी।

दिसंबर की तिमाही के लिए कुल आय बढ़कर 7,358.37 लाख हो गई, जो 3,977.63 लाख (वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) थी, जो मुख्य रूप से संचालन से राजस्व में तेज वृद्धि के कारण हुई, जो 3,932.93 लाख से बढ़कर 7,317.75 लाख हो गई। परिणामस्वरूप, कर पूर्व लाभ 178.91 लाख (वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) से बढ़कर 746.04 लाख (वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही) हो गया, जो मजबूत परिचालन प्रदर्शन को दर्शाता है। यह व्यावसायिक प्रदर्शन में क्वार्टर-ऑन-क्वार्टर सुधार का संकेत देता है।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए संचालन से राजस्व 15,928.09 रुपये पर था। शुद्ध में 2024 को समाप्त नौ महीनों के 768.48 लाख से 40त्न वृद्धि कर 1,076.14 लाख हो गया।

आगे चलकर कंपनी इथेनॉल में संभावित मूल्य वृद्धि का लाभ उठाने की योजना बना रही है।

बी-हेवी गुड़ चीनी उत्पादन का एक उप-उत्पाद है जो इथेनॉल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है और सी-हेवी गुड़ चीनी रिफाइनरियों का एक उप-उत्पाद है जो इथेनॉल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

सितंबर 2024 में, इसके बोर्ड ने 1 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू के माध्यम से फंड जुटाने को मंजूरी दी, जो अधिकतम 400 करोड़ तक हो सकती है।

# अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास, टी20 में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनें

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मुकाबला खेला जा रहा है। जहां भारत ने टॉस जीता और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इस दौरान टीम इंडिया के गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इतिहास रच दिया। दरअसल, वह भारत की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस कड़ी में उन्होंने युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड तोड़ा है।

दरअसल, अर्शदीप ने पहले ही ओवर में इंग्लैंड को बड़ा झटका देते हुए फिल सॉल्ट को आउट किया उसके बाद उन्होंने बेन डकेट को भी पवेलियन भेजा।

वहीं टी20 में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम था। चहल को इस मुकाम तक पहुंचने में 7 साल लगे। उन्होंने 2016 से लेकर 2023 तक 80 टी20 मैच में 96 विकेट झटके थे। लेकिन अर्शदीप ने महज 2022 से 2025 तक नंबर 1 पर कब्जा जमा लिया है। उन्होंने ये कारनामा महज 61वें टी20 मैच में कर दिखाया है।

वहीं टीम इंडिया ने पहले टी20 में बेहतरीन शुरुआत की है। पॉवर प्ले में ही टीम इंडिया को 2 विकेट की सफलता मिली। हालांकिस मैच में प्लेइंग 11 हैरान करने वाली है। क्योंकि पहले टी20 मैच में महोम्मद शमी को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला है।

**टी20 में भारत के सबसे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज**

97 अर्शदीप सिंह
96 युजवेंद्र चहल
90 भुवनेश्वर कुमार
89 जसप्रीत बुमराह
89 हार्दिक पंड्या




## सिंधू और लक्ष्य करेंगे चीन में बैडमिंटन एशिया मिश्रित चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुआई




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य सेन 11 से 16 फरवरी तक चीन के क्गिंदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत ने 2023 में दुबई में प्रतियोगिता के पिछले चरण में कांस्य पदक जीता था। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने टीम का चयन करते समय खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग और मौजूदा फॉर्म को अहमियत दी है। टीम में एचएस प्रणय और मालविका बंसोड़ क्रमशः दूसरे पुरुष और महिला एकल खिलाड़ी होंगे।''

मजबूत भारतीय टीम में स्टार युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी होंगे। महिला युगल जोड़ी में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली या अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो में से कोई एक हो सकती है। तनीषा मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला के साथ जोड़ी बनायेंगी जबकि सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ दूसरी जोड़ी होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ''हमने दो साल पहले कांस्य पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन इस साल हमारा लक्ष्य फाइनल में पहुंचना है। फिर कुछ भी संभव है और हम पूरी कोशिश करेंगे।''

## महिला अंडर-19 विश्व कप : इंग्लैंड ने अमेरिका को 8 विकेट से हराया




**जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)।** डेविना पेरिन (74) और टुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी टुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। टुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए थे। चेतना पग्यद्यला (10), इसानी वाघेल (10) और दिशा ढींगरा (छह) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय मे कप्तान अनिका कोलन ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। रितू सिंह (20) रन बनाकर आउट हुई। अनिका कोलन (46) और पूजा गणेश (10) रन बनाकर नाबाद रही। अमेरिका की महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से प्रिशा थानावाला, टुडी जॉनसन ने दो-दो विकेट लिये। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रोहित को क्या करना है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं : अजिंक्य रहाणे

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और 'जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आएगी'। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे।

मुंबई की टीम बृहस्पतिवार से यहां बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और उनके भारत के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर होंगी। रहाणे ने मुंबई के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, 'देखिए, रोहित, रोहित है। हम सभी यह जानते हैं। आपको भी पता है कि रोहित का व्यक्तित्व क्या है। मैं उन दोनों (रोहित और जायसवाल) को मुंबई के ड्रेसिंग रूम में वापस पाकर बहुत खुश हूं।'

रहाणे ने कहा, 'रोहित कभी तनाव लेना पसंद नहीं करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए भी उनका चरित्र वैसा ही है। उनका रवैया काफी सहज है। वह



अपने खेल को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए किसी को उन्हें यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है। वह एक बार क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद अच्छा करेंगे। उन्होंने खुद में कोई बदलाव नहीं किया है जो काफी अच्छी बात है।' पिछले कुछ महीनों से 37 वर्षीय रोहित बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। वह घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट श्रृंखलाओं में मिली करारी शिकस्त के बाद आलोचना का सामना कर रहे हैं। रहाणे ने कहा कि हर खिलाड़ी करियर में उतार-चढ़ाव से गुजरता है लेकिन रोहित 'वास्तव में आश्वस्त' हैं। रोहित के साथ लंबे समय तक भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'इस में अहम बात यह है कि रोहित में अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा बरकरार है। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ है। मुझे यकीन है कि एक बार जब वह मैदान पर उतरेंगे तो ऐसा करने में सफल रहेंगे।'

राहणे ने कहा, 'रोहित ने कल अभ्यास के कुछ सत्रों में अच्छी बल्लेबाजी की। मैं रोहित के अच्छे प्रदर्शन को लेकर वास्तव में आश्वस्त हूं।' रहाणे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ यह मैच इस सत्र में रोहित के लिए एकमात्र मुकाबला हो सकता है। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी करेंगे। रहाणे ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह सिर्फ इस मुकाबले को खेलेंगे। अगले मैच में उनकी उपलब्धता के बारे में मुझे पता नहीं है। अगले चार दिनों तक उनके सुझाव हमारे लिए काफी अहम होंगे।'

## बीसीसीआई के इस दिशा निर्देश को सही नहीं मानते बटलर

कोलकाता । इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) के उस दिशा निर्देशों को सही नहीं मानते जिसमें कहा गया है कि विदेशी दौरे पर खिलाड़ियों का परिवार पूरे समय उनके साथ नहीं रह सकता है। इसके पीछे तर्क दिय गया है कि खिलाड़ी इससे पूरे समय खेल पर ध्यान नहीं दे पाते। वहीं बटलर का कहना है कि लंबे विदेश दौरों पर परिवार का साथ बहुत महत्वपूर्ण होता है और इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता। बटलर के अलावा कई और दिग्गज भी इस नियम को सही नहीं मानते। वहीं कुछ इसे सही मानते हैं। भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस नियम को लेकर आंशका जताई है। बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार खिलाड़ी तय समय से अधिक परिवार के साथ नहीं बिता सकते। बटलर ने कहा, ' यह काफी भारी सवाल है। यह अहम है। हम आधुनिक जगत में रह रहे हैं और दौरों पर परिवार का साथ रहना बहुत अच्छा है।

## ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग करती दिखीं सारा तेंदुलकर




सिडनी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर आजकल यहां गोल्ड कोस्ट पर समुद्र की लहरों के बीच सर्फिंग का आनंद ले रही हैं। सारा ने सोशल मीडिया में अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे की तस्वीरें साझा की हैं। सार गोल्ड कोस्ट पर सर्फर्स पैराडाइज का आनंद लेने के लिए अपने दोस्तों सहित यहां पहुंची थीं। इस दौरन नीले रंग की ड्रेस पहनी सारा ने खूब सर्फिंग का आनंद लिया। प्रशंसकों ने भी सारा की तस्वीरों को काफी पसंद किया है। इन तस्वीरों के लिए उन्हें जमकर लाइक मिले हैं। सारा की इन तस्वरों को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी पसंद किया है। वहीं गत दिना सारा को क्वींसलैंड के समुद्र में जेट स्की का आनंद लेते हुए भी देखा गया था। इसके अलावा पिछले दिनों वह अपनी मां अंजलि तेंदुलकर के साथ एक इवैंट पर पहुंची थी। यहां वह लाल रंग की ड्रेस में सबसे आकर्षण का केन्द्र रहीं। सारा वी-नेक पर सॉफ्ट मिरर, पर्ल और गोटा वर्क से सजी एक शानदार लाल स्लिम-फिट ट्यूनिक में पहुंचीं।

## टी20 विश्व कप की योजनाओं को लेकर सूर्यकुमार ने दिया मजेदार जवाब



कोलकाता। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए हंसी-मजाक के मूड में नजर आये। इस दौरान जब उनसे उनसे अगले साल होने वाले टी 20 विश्व कप की योजनाओं को लेकर सवाल किये गये तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि सारे राज अभी ही बता दूं क्या। साथ ही कहा कि अभी यात्रा का आनंद लेने दो, हमें टीम भी तैयार करनी है, स्थिति देखनी है और एक ईकाई के तौर पर खेलना है। यही मेरा और कोच गौतम गंभीर का मानना है। वहीं टीम के उपकप्तान बने डिप्टी अक्षर पटेल ने कहा कि भारतीय टीम इंग्लैंड से टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों पर अधिक ध्यान देते हुए उनके आंकलन का प्रयास करेगी। अक्षर ने कहा कि एक साल में विश्व कप आ रहा है, इसलिए उसके लिए कैसे आगे बढ़ें इसपर हमें अभी से ध्यान देना होगा। यही इस सीरीज में हमारा मुख्य लक्ष्य है। साथ ही कहा कि लय हासिल करना सबसे अहम है कयोंकि अगर आप अच्छी शुरुआत करते हैं, तो आप इसे जारी रख सकते हैं।

## मनसुख मांडविया ने की एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में खो-खो को शामिल करने की वकालत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को पारंपरिक भारतीय खेलों को दुनिया भर में ले जाने की सरकार की इच्छा व्यक्त की और कहा कि खोखो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक 'आशय पत्र' प्रस्तुत किया है। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो खोखो उन छह खेलों में से एक होगा जिन्हें मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ट्वेंटी-20 क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज और स्क्वाश के साथ 2036 ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश करने की योजना बना रही है।

विश्व कप जीतने वाली भारतीय खोखो




टीमों को सम्मानित करते हुए मांडविया ने कहा, ''हमने खोखो विश्व कप का आयोजन करके शानदार काम किया है और हमें यह प्रयास करना चाहिए कि इन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिले।'' उन्होंने कहा, ''सरकार का प्रयास खोखो को 2036 के ओलंपिक में ले जाना भी है। इसके लिए खिलाड़ियों और कोचों को अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा, महासंघ को अच्छा प्रबंधन करते रहना होगा और खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने में सहायता और सहयोग करता रहेगा।''

सम्मान समारोह में पुरुष और महिला टीमों के साथ टीम के कोच और भारतीय खोखो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल सहित अन्य लोग शामिल हुए। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खोखो विश्व कप का खिताब जीता। दोनों भारतीय टीमों ने फाइनल में नेपाल को हराया। देश में पारंपरिक खेलों के पुनरुत्थान के बारे में बात करते हुए मांडविया ने कहा, ''पारंपरिक खेल सामुदायिक भावना और सहनशीलता को दर्शाते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे पारंपरिक खेल मूल्यों को बनाए रखते हैं। दुनिया इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीख सकती है।''

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर जिक्र किया है कि हमें पारंपरिक खेलों को सर्वश्रेष्ठ 'एक्सपोजर' देना होगा। अब हमारी टीम को सर्वश्रेष्ठ 'एक्सपोजर' ही नहीं मिल रहा बल्कि टीम शानदार प्रदर्शन भी कर रही हैं।'' भारतीय महिला खोखो टीम के मुख्य कोच सुमित भाटिया ने टीम की सफलता का श्रेय यहां कराये गये एक महीने के शिविर को दिया।

उन्होंने कहा, ''10 दिसंबर को हमने 60 खिलाड़ियों के साथ शिविर शुरू किया। उनमें से हमने पुरुष और महिला टीमों के लिए प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी चुने। टीमों में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के खिलाड़ी शामिल थे और शिविर ने उन्हें एकजुट होने में मदद की।

## रोहित और विराट एकदिवसीय के दिग्गज बल्लेबाज, चैम्पियंस ट्रॉफी में पड़ेगी जरुरत : कैफ



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में जरुरत पड़ेगी। कैफ के अनुसार हाल में भले ही इनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है पर ये दोनो एकदिवसीय के बेहतरीन बल्लेबाज हैं। इसलिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए इनका चयन सही है। विराट ने साल 2008 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय प्रारूप में पदार्पण के बाद से ही अब तक 295 मैचों में 93.54 की स्ट्राइक रेट से 13906 रन बनाए हैं। उनका औसत भी 58.18 है। वहीं रोहित ने अपना पहला एकदिवसीय मैच 2007 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। 265 एकदिवसीय में रोहित ने 92.43 की स्ट्राइक रेट और 49.16 की औसत से 10866 रन बनाए हैं। कैफ ने हालांकि ये भी कहा कि रोहित और विराट दोनों ही लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्योंकि वे 30 के दशक के अंत में हैं। उन्होंने कहा कि दो अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान टीम में बहुत योगदान देंगे। उन्होंने कहा, आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। मुझे विश्वास है कि वे अच्छा खेलेंगे। वे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत योगदान देंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित शर्मा तेज शुरुआत देते हैं। विराट कोहली उस शुरुआत का फायदा उठाते हैं।

## एलएसजी तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ उतरेगी : जहीर

नई दिल्ली । लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है। एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ऋषभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था: एरिका वीब

**विजयनगर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशानजक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से यहां चल रहे अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेस्लिंग मास्टरक्लास' कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था। एरिका ने इंटरव्यू में कहा, 'ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक था। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस खेल (कुश्ती) की लोगों तक अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है।' कनाडा की इस पहलवान ने कहा, 'और इसलिए, हां, यह निराशाजनक है। मुझे लगता है कि चीजें बदलेंगी। हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए मुझे उम्मीद है कि शायद 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे।'

बुडापेस्ट 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। मैंने बजरंग के लिए मैट पर और मैट के बाहर सम्मान के बारे में बहुत बात की है, वह एक शानदार पहलवान, अविश्वसनीय सहयोगी है। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं।'

बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता एरिका ने कहा, 'मैं फोगाट बहनों, साक्षी मलिक और विनेश के बारे में सोचती हूं, जो ना केवल मैट पर चैंपियन रही हैं, बल्कि जिस तरह से वे खुद को संभालती हैं और मैट के बाहर जिस तरह चीजों के लिए खड़ी होती हैं, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है।'

एरिका ने कहा कि एशियाई स्तर पर कुश्ती में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन है और एशियाई पहलवानों की कुश्ती की शैली अलग तरह की है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि एशियाई पहलवानों की कुश्ती की शैली बहुत ही अनोखी है, इतने सारे देशों की मौजूदगी में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन है,



खासकर कम भार वाले वजन वर्गों में, वे बहुत प्रतिस्पर्धी, बहुत तेज, तकनीक रूप से सक्षम हैं, उन्हें खेलते हुए देखना शानदार होता है।'

राष्ट्रमंडल खेल 2014 की चैंपियन एरिका ने कहा, 'मुझे 2023 एशियाई चैंपियनशिप के लिए कजाखस्तान जाने का मौका मिला। मैं 2025 एशियाई चैंपियनशिप के लिए जॉर्डन के अम्मान में रहूंगी। मैं कुश्ती की क्षमता, उत्साह, ऊर्जा को देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं जो हम एशिया में कुश्ती की शैली में देखते हैं।'

## जंगल की आग से ओलंपिक, फीफा विश्वकप के आयोजन पर उठे सवाल

फ्लोरिडा । लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग के बाद यहां 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों पर सवाल उठने लगे हैं। यहां तक कि ओलंपिक को डलास या मियामी में स्थानांतरित करने की भी मांग उठी है। इसी को लेकर आयोजन समिति के प्रमुख कैसी वासरमैन ने गत दिनों अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि यह ओलंपिक अमरीका के हैं। इसलिए इस मामले में हर प्रकार से प्रयास किये जाएंगे जिससे कि खेल का सफल आयोजन हो सके। वहीं लॉस एंजिल्स में ही अगले साल फीफा विश्व कप के मैच भी होने हैं। यह स्थल जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों के करीब है हालांकि इसके बाद भी मैचों को बाहर स्थानांतरित करने के लिए अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। इस दौरान सुपर बाउल 2027 पर भी नजरें होंगी। वहीं कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम कहते हैं कि हमारे पास ओलिम्पिक, सुपर बाउल और फीफा विश्व कप की मेजबानी है। हमारे पास टीम है एक टीम है जो आयोजन की रूपरेखा तैयारी कर रही है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि ओलंपिक का उपयोग किसी आपदा से तबाह हुए क्षेत्र को बदलने के माध्यम के रूप में किया जाएगा। ओलिम्पिक 14 जुलाई, 2028 को शुरू होने वाले हैं। ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2017 में अमरीका को इसकी मेजबानी मिली थी। लॉस एंजिल्स ने अंतिम बार 1984 में ओलिम्पिक की मेजबानी की थी। वहीं मीडिया दिग्गज चार्ली किर्क आदि ने खेलों को स्थानांतरित करने को किा था। किर्क ने कहा कि ओलंपि रद्द कर दिया जाना चाहिए। यदि आप फायर हाइड्रैंट नहीं भर सकते हैं, तो आप ओलिम्पिक की मेजबानी के योग्य नहीं हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़ी है तेलुगु इंडस्ट्री

आर. माधवन की कितनी काबिल सितारों में होती है। उन्हें जितना प्यार साउथ इंडस्ट्री में मिलता है, हिंदी पट्टी में भी उनके उतने ही प्रशंसक हैं। हाल ही में आर माधवन हिंदी और साउथ में फिल्मों के निर्माण और बदलते परिदृश्य पर बात करते दिखे। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते कंटेंट बेस के मुकाबले तेलुगु और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री कहां  हैं? साथ ही कहा कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री अपनी जड़ों से जुड़ी है।

## एसएस राजामौली की फिल्मों का दिया उदाहरण

आर माधवन हाल ही में बातचीत के दौरान फिल्म इंडस्ट्री के बदलते परिदृश्य पर बात करते दिखे। फिर चाहें वह हिंदी हो, तेलुगु या मलयालम। एक्टर ने कहा कि बॉलीवुड बहुत ज्यादा विशिष्ट (ऐलीट) हो गया है, जबकि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अब भी अपनी जड़ों से जुड़ी है। उनस सिनेमा में परंपराओं की झलक दिखती है। इसके लिए मैडी ने एसएस राजामौली की हाई बजट फिल्मों का उदाहरण भी दिया।

## तेलुगु फिल्मों में दिखाई देता है छोटे शहरों का इतिहास

आर माधवन ने कहा, अगर आप एसएस राजामौली और तेलुगु इंडस्ट्री की हाई बजट फिल्मों की तरफ देखें तो वे जमीन से जुड़ी नजर आएंगी। उनमें भारत के छोटे शहरों के इतिहास की झलक जरूर देखने को मिलेगी। वे बाहुबली, आरआरआर या पुष्पा जैसी फिल्में बनाने में बहुत पैसा लगाते हैं। फिर इन कहानियों को फिल्माने और उन्हें मजबूत बनाने में भी पूरी जान झोंक देते हैं।

इसके अलावा मैडी ने मलयालम इंडस्ट्री पर भी बात की, जो हाल के कुछ वर्षों में काफी आगे बढ़ी है। आर. माधवन का कहना है कि मॉलीवुड मुख्य रूप से कंटेंट और किरदारों जैसे पहलुओं पर फोकस करने में सक्षम रहा है। सीमित बजट फिल्मों में भी वह कमाल का प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा, मलयालम इंडस्ट्री अब बिना बड़े बजट फिल्मों के भी सिर्फ कंटेंट और किरदारों के दम पर दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। तेलुगु इंडस्ट्री में कभी-कभी बड़े बजट की फिल्म रिलीज होती है, जो पूरी तरह से फ्लॉप हो जाती है, जो एक वास्तविकता भी है। दरअसल, इंडस्ट्री एक कायापलट के दौर से गुजर रही है और जल्द ही नए कंटेंट और नवीनता के साथ दर्शकों को हैरान करेगी।



# मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री अक्षरा सिंह खुद को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहा रही हैं। इसकी झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में दिखाई। अक्षरा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर निजी और काम से जुड़े पोस्ट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की तस्वीरें साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। चार तस्वीरों में से दो में अक्षरा जिम में पसीना बहाती हैं, तो दो में खुली छत पर एक्सरसाइज करती नजर आईं। भोजपुरी फिल्मों में कमाल के अभिनय के साथ अभिनेत्री बेहतरीन गायिका भी हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह महाकुंभ के महत्व को अपने गाने के साथ बताती नजर आईं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हिमालय से आते मुनि रमाते संगम में धूनी। अक्षरा सिंह ने महाकुंभ के लिए एक खास गाना तैयार किया है। गाने की पहली झलक अभिनेत्री ने 16 जनवरी को सोशल मीडिया पर साझा की थी। लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 'महाकुंभ में डुबकी लगाओ' नाम के गाने को गाती भक्ति-भाव में डूबी नजर आईं। अक्षरा सिंह की हालिया रिलीज अक्षरा दुनिया भर में धूम मचा रही है। देशभक्ति से भरपूर भोजपुरी फिल्म वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षरा के साथ अभिनेता अंशुमान मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। सत्यमेव जयते से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री अक्षरा सिंह फिल्म इंडस्ट्री को सत्या, सरकार राज, मां तुझे सलाम, धड़कन, तबादला, सत्य, प्रेम विवाह, साथिया, दिलेर, तबादला, सौगंध गंगा मैया के जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इसके साथ ही अक्षरा बिग बॉस ओटीटी समेत सर्विस वाली बहू, पोरस, काला टीका जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।



# इंडो-कोरियन हॉरर फिल्म में नजर आएंगे वरुण तेज

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और  गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है। तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है। साउथ अभिनात वरुण तेज फिल्म मटका के बाद अब एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का नाम वीटी 15 रखा गया है, जिसमें कई रोमांचक पहलुओं के साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। वरुण तेज के जन्मदिन के अवसर पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में एक रहस्यमयी जार दिखाया गया है, जिस पर ड्रैगन का डिजाइन है और एक कपड़ा जल रहा है, साथ ही अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। टैगलाइन सस्पेंस और कॉमेडी के अनूठे मिश्रण की ओर इशारा करती है जब शिकार करना मजेदार हो जाता है। वेंकटाद्री एक्सप्रेस, एक्सप्रेस राजा और एक मिनी कथा जैसी सफल फिल्मों के लिए मशहूर मेरलापाका गांधी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशंस ने फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर किया है। फिल्म का संगीत प्रतिभाशाली थमन एस तैयार कर रहे हैं। बहलहाल, फिल्म की शूटिंग और रिलीज की तारीख सहित आगे की अपडेट जल्द ही शेयर की जाएंगी। प्रशंसक वरुण तेज की इस आगामी कोरियन ड्रामा फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और उनके जन्मदिन पर हुई फिल्म की इस घोषणा से बेहद खुश भी हैं।



# गेम चेंजर के फ्लॉप होने के बीच पैपराजी के कैमरे से बचती दिखीं कियारा

राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और स्टार कास्ट के फैन फॉलोइंग के बावजूद यह बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। ओपनिंग डे पर औसत कमाई के बाद इसके कलेक्शन में लगातार गिरावट दर्ज की गई। बड़े बजट की वजह से यह फिल्म टिकट खिड़की पर फ्लॉप हो चुकी है।

इस बीच, कियारा आडवाणी को हाल ही में पैपराजी से बचते हुए देखा गया। वह आयान मुखर्जी से मुलाकात के बाद अपनी कार में बैठ रही थीं। वॉर 2 का निर्देशन कर रहे आयान ने कियारा को अलविदा कहने के बाद पैपराजी से कहा, आप कहां से आ गए? कियारा आमतौर पर पैपराजी के सामने मुस्कुराते हुए पोज देती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने पूरी तरह से उनसे नजरें चुराने का प्रयास किया। गेम चेंजर की बात करें तो यह फिल्म तेलुगु सिनेमा के मशहूर निर्देशक शंकर की फिल्म है। इसमें राम चरण, कियारा आडवाणी, अंजलि और एसजे सूर्या जैसे बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये की कमाई की थी, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई में निरंतर गिरावट देखी गई। फिल्म को पाइरेसी का भी सामना करना पड़ा, क्योंकि इसके रिलीज होते ही इसे ऑनलाइन लीक कर दिया गया। इसके अलावा, बालकृष्ण की डाकू महाराज और वेंकटेश की संक्रांतिकी वस्तुनाम जैसी फिल्मों से भी कड़ी टक्कर  मिली, जिससे गेम चेंजर की कमाई और भी ज्यादा प्रभावित हुई।



# पंजाब में फिल्म के बैन पर छलका कंगना का दर्द

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी सिनेमाघरों में लगी है, जो देश में लगे आपातकाल की घटना पर आधारित है। यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई। फिल्म देखकर लौट रहे दर्शक कंगना की अदाकारी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री की यह फिल्म पंजाब में रिलीज नहीं हुई है। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।**

## दिल में कुछ दर्द है


कंगना रनौत ने आज सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही पंजाब में फिल्म को रिलीज नहीं किए जाने पर दुख भी जताया है। कंगना कहती दिखी हैं, दोस्तों मैं जी स्टूडियो और मणिकर्णिका और फिल्म के हर सदस्य की तरफ से आपका आभार व्यक्त करती हूं। आपने इतना प्यार और इज्जत दी, उसके लिए मेरे पास शब्द ही नहीं हैं, लेकिन मेरे दिल में अभी भी कुछ दर्द है।

## फिल्म देखकर आप निर्णय लीजिए

कंगना ने आगे कहा, पंजाब! इंडस्ट्री में ऐसा कहा जाता था कि पंजाब में मेरी फिल्में सबसे अच्छी परफॉर्म करती हैं। और आज एक दिन है जब पंजाब में मेरी फिल्म को रिलीज तक नहीं होने दिया जा रहा है। ऐसे ही कुछ हमले कनाडा और ब्रिटेन में भी किए जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा लोगों ने यह आग लगाई हुई है। और इस आग में हम और आप जल रहे हैं। दोस्तों मेरी फिल्म मेरे विचार और मेरा देश के प्रति क्या लगाव है वो इस फिल्म से प्रदर्शित होता है। आप यह फिल्म देखकर खुद निर्णय लीजिए। क्या यह फिल्म हमें जोड़ती है या तोड़ती है? मैं बस और नहीं कहूंगी। जय हिंद धन्यवाद।

## कैसा है बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन

कंगना रनौत ने फिल्म इमरजेंसी में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने किया है। करीब 25 करोड़ रुपये बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 2.5  करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन कमाई 3.6 करोड़ रुपये रही। फिर तीसरे दिन का कारोबार 4.35 करोड़ रुपये रहा है। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 10.45  करोड़ रुपये हो गया है।



# कबीर सिंह से लेकर किस्मत कनेक्शन तक, देवा से पहले इन रीमेक फिल्मों में काम कर चुके हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कई फिल्मों में अदाकारी से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। वह इन दिनों अपनी फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह पुलिस अफसर बनकर जबर्दस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह पहला मौका नहीं है जब शाहिद ने किसी रीमेक फिल्म में काम किया है। इससे पहले भी वह ऐसी कई फिल्मों में काम कर कर चुके हैं।

**कबीर सिंह**- शाहिद कपूर की सबसे चर्चित और सफल फिल्म कबीर सिंह है। यह फिल्म तेलुगु हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी का रीमेक थी। फिल्म में शाहिद कपूर ने एक भावुक और उग्र स्वभाव वाले डॉक्टर का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। शाहिद की एक्टिंग को समीक्षकों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिली।

**जर्सी** - जर्सी भी तेलुगु फिल्म जर्सी का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई थी। शाहिद की इस फिल्म में जज्बातों और संघर्ष की गहरी झलक देखने को मिली थी। फिल्म की कहानी और शाहिद की अदाकारी तो अच्छी थी, लेकिन रीमेक होने की वजह से यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी।

**ब्लडी डैडी** - ब्लडी डैडी फिल्म भी एक रीमेक है, जो फ्रेंच फिल्म स्लीपलेस नाइट का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक पुलिस अफसर का रोल निभाया था, जो अंडरवर्ल्ड से जुड़ी एक मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करता है। फिल्म का एक्शन और थ्रिलिंग प्लॉट दर्शकों को अंत तक बांधे रखने में सफल रहा था। इसे सीधा ओटीटी पर रिलीज किया गया था।

**फुल एंड फाइनल** - फुल एंड फाइनल फिल्म भी एक रीमेक थी। यह हॉलीवुड फिल्म स्नैच का रीमेक थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ और भी कई मशहूर सितारे थे, फिर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं सकी थी।

**किस्मत कनेक्शन** - किस्मत कनेक्शन में शाहिद कपूर ने विद्या बालन के साथ काम किया था। यह फिल्म जस्ट माय लक का रीमेक थी। इस फिल्म के गाने लोगों के बीच जबर्दस्त हिट हुए थे। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

# बेहतर हो सकती थी गेम चेंजर

रामचरण अभिनीत गेम चेंजर 10 जनवरी से सिनेमाघरों में चल रही है। 450 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनी इस फिल्म को पूरा करने में निर्देशक शंकर ने 3 साल का लम्बा वक्त लिया। प्रदर्शन के बाद फिल्म को असफल करार दे दिया गया है। ऐसे में गेम चेंजर के निर्देशक एस शंकर ने फिल्म की एवरेज परफॉर्मेंस पर अपनी गलती होने की बात कही है। एक हालिया इंटरव्यू में शंकर ने कबूल किया कि वो फिल्म में बहुत कुछ बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा- कोई भी फिल्म मेकर अपनी फिल्म से कभी संतुष्ट नहीं होता। मुझे बिल्कुल पर लगता है कि ये फिल्म और बेहतर हो सकती थी। हमारे पास कई अच्छे सीन थे, लेकिन हमें उनमें काटकर छोटा करना पड़ा। शंकर ने आगे कहा- इसका मतलब ये हुआ कि हमने कुछ बेहतरीन कंटेंट खो दिया। आप तीन घंटे की फिल्म में हर सीन को शामिल नहीं कर सकते। फिल्म का टोटल ड्यूरेशन पांच घंटे हो गया था। ये किसी स्कल्पचर को तराशने जैसा था। अगर आप कोई अच्छा स्कलप्चर बनाना चाहते हैं तो वो पत्थर की बनी हो तो बेहतर है। बता दें कि फिल्म गेम चेंजर से शंकर ने अपना तेलुगु डेब्यू किया है।

